मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025
संवत 2082, पौष कृष्णपक्ष 15 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 100 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ प्रदेषण अब राष्ट्रीय समस्या
'धुरंधर' की दहाड़ से कॉप उठा बॉक्स ऑफिस ◀◀ 6

### कोहरे की सफेद चादर में लिपटा पूरा झारखंड, पड़ रही हाड़ कंपाने वाली ठंड

# शाम होते ही सड़कों पर पसर रहा सन्नाटा, अगले तीन दिन तक चलेगी शीतलहर, गिरेगा पारा

**कांके का टेंप्रेचर 6 डिग्री तो रांची का टेंप्रेचर 9 डिग्री रहा**



**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में ठंड ने अब अपना तीखा असर दिखाना शुरू कर दिया है। गढ़वा, पलामू, लोहरदगा और रांची समेत कई जिलों में बीते 24 घंटे के दौरान हाड़ कंपा देने वाली ठंड महसूस की गई। हालात ऐसे हैं कि दिन में धूप निकलने के बावजूद ठंडी और तेज हवाओं ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है। वहीं, रांची मौसम विभाग ने कड़ाके की ठंड का अलर्ट जारी किया है।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद के मुताबिक, आज यानी शुक्रवार को राज्य के 10 जिलों गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, चतरा, लातेहार, गिरिडीह, रांची, खूंटी और देवघर में घना कोहरा छाया रहेगा। इसके साथ ही कहीं-कहीं शीतलहरी चलने की संभावना है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी सुबह के समय सामान्य कोहरा और कनकनी बढ़ने के साथ-साथ ठंडी हवा चलने की संभावना है।


मौसम विभाग का कहना है अगले दो दिनों तक झारखंड में शीतलहर से लोगों को बचना है। राज्य की राजधानी रांची सहित अधिकांश जिलों का तापमान 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। अधिकांश जिलों में कोहरे का व्यापक असर देखा जा रहा है तो वही शीतलहरी की दोहरी मार भी लोगों पर पड़ रह रही है। आलम यह है कि सुबह 7:00 बजे से पहले लोगों की सुबह की सैर पर निकलना भी मुश्किल हो गया है। वही शाम के बाद ग्रामीण इलाकों में पूरी तरीके से सड़क पर सन्नाटा देखा जा रहा है क्योंकि ठंड की वजह से लोग घर से निकलना नहीं चाह रहे है।



## दिल्ली में घना कोहरा 150 से ज्यादा उड़ाने रद्द

**नई दिल्ली:** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण शुक्रवार को 150 से ज्यादा उड़ाने अब तक रद्द हो गई है। दिल्ली में बीती देर रात से ही घना कोहरा छा गया था। रात करीब 9 के बाद से दृश्यता कम हो गई थी और आधी रात के बाद से कैट 3 की प्रक्रिया के तहत उड़ानों का संचालन हो रहा है। उत्तर भारत के दूसरे हिस्सों से भी घने कोहरे की खबर है। इस कारण बड़ी संख्या में आने वाली और जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में इस पूरे सप्ताह सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से उड़ानों पर काफी ज्यादा प्रभाव पड़ा है।

## बांग्लादेश हिंसा : बांग्लादेश में भारत के 4 राजनयिकों पर हमला, मोदी सरकार ने उठाया कदम



**ढाका:** बांग्लादेश में बढ़ती अशांति के बीच भारतीय राजनयिक मिशनों पर रात भर हमले हुए। जुलाई विद्रोह के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद बांग्लादेश में रात भर व्यापक अशांति फैली रही। बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शनों की एक लहर देखी गई जो तेजी से हिंसा में तब्दील हो गई। ढाका, राजशाही और चटगांव में स्थित भारतीय मिशनों को निशाना बनाया गया और उनके द्वारों पर पत्थरबाजी की घटनाएं भी हुईं। हमलों में कोई भी भारतीय राजनयिक या अधिकारी घायल नहीं हुआ और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं।

**शेख मुजीब का घर फूंक डाला :** हमलों से कुछ दिन पहले भारत ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं जताई

ये हमले नई दिल्ली द्वारा ढाका से अपने दूतावासों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिनों बाद हुए हैं। भारत ने बुधवार को बांग्लादेश के राजदूत रियाज हामिदुल्लाह को तलब किया था और ढाका स्थित भारतीय दूतावास के आसपास असुरक्षा का माहौल पैदा करने की कुछ चरमपंथी तत्वों की योजनाओं पर अपना विरोध दर्ज कराया था। नई दिल्ली ने बांग्लादेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर भी अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत बांग्लादेश में हाल ही में हुई कुछ घटनाओं के संबंध में चरमपंथी तत्वों द्वारा फैलाई जा रही झूठी कहानी को पूरी तरह से खारिज करता है। हामिदुल्लाह को तलब किए जाने के तुरंत बाद मंत्रालय ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अंतरिम सरकार ने न तो गहन जांच की है और न ही इन घटनाओं के संबंध में भारत के साथ कोई ठोस सबूत साझा किए हैं।

**बांग्लादेश में क्या हो रहा है? :** शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात बांग्लादेश के दो प्रमुख समाचार पत्रों के कार्यालयों पर धावा बोल दिया और शेख मुजीबुर रहमान के आवास में तोड़फोड़ की। जुलाई विद्रोह के एक प्रमुख नेता हादी को पिछले सप्ताह गोली मार दी गई थी और सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पिछले साल के हिंसक विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) के एक बड़े सहयोगी दल, नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने गुरुवार रात भारत विरोधी नारे लगाते हुए आरोप लगाया कि हादी के हमलावर हत्या करने के बाद भारत भाग गए।

## लोकसभा-राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित मनरेगा का नाम बदलने पर विपक्ष का प्रदर्शन




**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र का आज शुक्रवार, 19 दिसंबर को समापन हो गया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी।

दिलचस्प बात यह रही कि आज सुबह विपक्षी सांसद संसद भवन परिसर में मनरेगा का नाम बदलकर जी राम जी योजना करने के विरोध में धरना -प्रदर्शन किया। उसके बाद जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष ने दोनों सदनों में हंगामा शुरू कर दिया। आनन फानन में दोनों सदनों को स्थगति करने की घोषणा कर दी गयी। बात करें कि शीतकालीन सत्र में क्या क्या हुआ, तो जान लें कि अठारहवीं लोकसभा के छठे सत्र में सदन में आठ सरकारी विधेयकों को मंजूरी प्रदान की गयी। इनमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025 पारित कराया गया। हालांकि विपक्ष ने इसका भारी विरोध किया। इसके अलावा नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025, सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025 और वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें-प्रथम बैच और संबंधित विनियोग (संख्याक 4) विधेयक, 2025 भी पारित किया गया।

इसके अलावा अन्य बिल भी पारित कराये गये अहम बात यह रही कि सदन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने और चुनाव सुधारों के मुद्दे पर भी चर्चा की गयी।

हालांकि विपक्ष ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर संसद में चर्चा कराने की मांग की थी।सत्र के शुरूआती दो दिन सदन की कार्यवाही विपक्ष के प्रदर्शन के कारण नहीं चल पायी।

## रांची में रेलवे ट्रैक के पास मिली महिला की लाश, मचा हड़कंप



**रांची:** राजधानी रांची में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस :** मामला जिले के पुंदाग ओपी अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास का है। बताया जा रहा है कि यहां एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। महिला ने काले और सफेद रंग का पजामा पहन रखा था और शरीर पर छिटदार रंग की ओढ़नी थी। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। कहा जा रहा है कि किसी ने महिला का शव देखा और तुरंत को पुलिस की इसकी सूचना दी।

## जस्टिस एमएस सोनक बनेंगे झारखंड हाईकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश



**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट में जल्द ही न्यायिक नेतृत्व में बदलाव होने जा रहा है। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान के सेवानिवृत्त होने के बाद मुंबई हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस एमएस सोनक को झारखंड हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाएगा। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अपनी औपचारिक अनुशंसा कर दी है। कॉलेजियम की सिफारिश के बाद अब केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की जानी है। अधिसूचना जारी होते ही जस्टिस एम।एस। सोनक झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। माना जा रहा है कि यह प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी, ताकि न्यायिक कार्यों में किसी

गौरतलब है कि झारखंड हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान में कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील मामले लंबित हैं। इनमें प्रशासनिक निर्णयों से जुड़े विवाद, खनन मामलों, भूमि विवाद, आदिवासी अधिकारों से संबंधित प्रकरण और भ्रष्टाचार से जुड़े केस प्रमुख हैं। ऐसे में जस्टिस एम।एस। सोनक के नेतृत्व में अदालत से त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी न्यायिक प्रक्रिया की उम्मीद की जा रही है।

### रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण, बोले सीजेआई -

## लगता है लास्ट ओवर में छक्के मार रहे



10

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बैंच ने कहा कि कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के एक प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। जज ने हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत रिटायरमेंट से 10 दिन पहले उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था। आरोप है कि जज ने कुछ संदिग्ध आदेश पारित किए थे। याचिकाकर्ता जज की रिटायरमेंट 30 नवंबर को होनी थी। उन्हें 19 नवंबर को दो न्यायिक आदेशों के आधार पर निलंबित किया गया। उनकी ओर से पेश सीनियर एडवोकेट विपिन सांघी ने कहा कि जज का करियर बेदाग रहा है।

सांघी ने दावा किया कि सालाना रिपोर्टों में जज को लगातार हाई रेटिंग मिली है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन आदेशों पर आपत्ति है, उसे हाई कोर्ट में अपील के जरिए सुधारा जा सकता है। इसके लिए किसी न्यायिक अधिकारी को सस्पेंड कैसे किया जा सकता है। इस पर सीजेआई ने कहा कि जब उन्होंने छक्के लगाने शुरू किए, तब उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जाएगी। इसलिए यह मैसेज जाना चाहिए, मिस्टर सांघी। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है। इस पर मैं और कुछ नहीं कहना चाहता। सांघी की दलील पर सीजेआई ने कहा कि अगर आदेश स्पष्ट रूप से बेईमानी से दिए गए हों, तो कार्रवाई हो सकती है। बैंच ने यह भी पूछा कि न्यायिक अधिकारी ने सस्पेंशन को चुनौती देने के लिए पहले हाईकोर्ट का रुख क्यों नहीं किया। इस पर सांघी ने कहा कि सस्पेंशन का फैसला फुल कोर्ट का था, इसलिए निष्पक्ष सुनवाई के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट आना सही समझा गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कई मामलों में हाई कोर्ट ने न्याय के आधार पर फुल कोर्ट के फैसलों को भी रद्द किया है।

### मोदी सरकार पर राहुल गांधी का सरकार पर बड़ा हमला, कहा-

# 20 साल का मनरेगा एक दिन में ध्वस्त

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में खत्म कर दिया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को बिना ठीक से जांच पड़ताल किए संसद से पारित करवा दिया।



राहुल गांधी ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक को गांव विरोधी करार दिया: राहुल गांधी ने मनरेगा की जगह लाए गए नए विधेयक विकसित भारत जी राम जी को गांव विरोधी करार दिया और कहा 'पीएम मोदी के लक्ष्य साफ हैं, ग्रामीण भारत, खासकर पिछड़े वर्ग की ताकत को कमजोर करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना और फिर नारों को सुधार के तौर पर बेचना।' सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा, 'बीती रात मोदी सरकार ने 20 साल के मनरेगा को एक दिन में ध्वस्त कर दिया। इसने अधिकार आधारित, मांग आधारित गारंटी को खत्म कर दिया है और इसे एक राशन वाली योजना में बदल दिया है, जिसे दिल्ली से कंट्रोल किया जा सकता है। यह डिजाइन से ही राज्य विरोधी और गांव विरोधी है।'

मनरेगा कानून से शोषण और पलायन कम हुआ : लोकसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण मजदूरों को मोलभाव करने की ताकत दी। उन्होंने कहा, 'असली विकल्पों के साथ, शोषण और मजबूरी में पलायन कम हुआ, मजदूरी बढ़ी, काम करने की स्थिति में सुधार हुआ, और साथ ही ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण और सुधार हुआ। यह सरकार ठीक उसी ताकत को तोड़ना चाहती है।' उन्होंने कहा कि काम को सीमित करके और इसे मना करने के और तरीके बनाकर विकसित भारत जी राम जी विधेयक ग्रामीण गरीबों के पास मौजूद एकमात्र हथियार को कमजोर करता है।

गांधी ने दावा किया, 'हमने देखा कि कोविड के दौरान मनरेगा का क्या मतलब था। जब अर्थव्यवस्था बंद हो गई और लोगों की आजीविका खत्म हो गई, तो मनरेगा ने करोड़ों लोगों को भूख और कर्ज में डूबने से बचाया।' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इसने महिलाओं की सबसे ज्यादा मदद की। साल दर साल, महिलाओं के काम के दिनों में बढ़ोतरी हुई।

विधेयक को जबरदस्ती पारित कराने का लगाया आरोप: नए विधेयक की आलोचना करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'सबसे बड़ी बात यह है कि इस कानून को बिना ठीक से जांच-पड़ताल के संसद में जबरदस्ती पास कर दिया गया। बिल को स्टैंडिंग कमेटी में भेजने की विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया गया। एक ऐसा कानून जो ग्रामीण सामाजिक अनुबंध को बदलता है, जो करोड़ों मजदूरों को प्रभावित करता है, उसे कभी भी गंभीर कमेटी जांच, विशेषज्ञ सलाह और सार्वजनिक सुनवाई के बिना जबरदस्ती पास नहीं किया जाना चाहिए।'

केंद्र सरकार पर राहुल गांधी ने लगाए गंभीर आरोप: राहुल गांधी ने कहा, 'पीएम मोदी के लक्ष्य साफ है, मजदूरों को कमजोर करना, ग्रामीण भारत, खासकर दलितों, ओबीसी और आदिवासियों की ताकत को कमजोर करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना, और फिर नारों को सुधार के रूप में बेचना।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'मनरेगा दुनिया के सबसे सफल गरीबी उन्मूलन और सशक्तिकरण कार्यक्रमों में से एक था। हम इस सरकार को ग्रामीण गरीबों की आखिरी सुरक्षा पंक्ति को नष्ट नहीं करने देंगे। हम इस कदम को हराने के लिए मजदूरों, पंचायतों और राज्यों के साथ खड़े होंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए देशव्यापी मोर्चा बनाएंगे कि यह कानून वापस लिया जाए।'

गुरुवार रात को संसद ने विपक्ष के जोरदार विरोध के बीच विकसित भारत जी राम जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)) विधेयक को पारित कर दिया, जो 20 साल पुराने मनरेगा कानून की जगह लेगा। नया विधेयक हर साल 125 दिनों की ग्रामीण मजदूरी रोजगार की गारंटी देता है। विपक्ष ने मौजूदा ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का कड़ा विरोध किया और केंद्र सरकार पर राज्यों पर वित्तीय बोझ डालने का आरोप लगाया।

## समाचार सार






### डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली में पुस्तक मेले का भव्य शुभारंभ

**मुरीः** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कुमार अभिषेक प्रताप सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अरुणीमा पब्लिक स्कूल, सिल्ली के ममता सिंह , विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी शरण, तथा इनचार्ज प्रिंसिपल सरकारी हाई स्कूल कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इसके अलावा हिंडालको के अधिकारी, अरुणुमा पब्लिक स्कूल के शिक्षक, तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। गवर्नमेंट हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक मोतीलाल , विद्यालय के एलएमसी मेंबर प्रवीण अग्रवाल भी शामिल हुए।समारोह को संबोधित करते हुए एचआर हेड कुमार अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि पुस्तकें जीवन का मार्गदर्शन करती हैं तथा दूसरों के अनुभवों से सीखने का सशक्त माध्यम हैं। इनचार्ज प्रिंसिपल समीर हजाम ने कहा कि पुस्तकों के बिना शिक्षा अधूरी है। मेला विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो उनके ज्ञान, सोच एवं नैतिक मूल्यों को मजबूत करता है। पुस्तक के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान व्यक्ति को सही दिशा एवं प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश का उदाहरण देते हुए कहा कि यह ज्ञानवर्धक पुस्तक समाज और व्यक्ति दोनों के विकास में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। पुस्तक मेले के विभिन्न स्टॉल का संचालन डीएवी के कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ किया। यह तीन दिवसीय पुस्तक मेला 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए साहित्यिक, शैक्षणिक एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध रहेगा।

### श्योर सक्सेस कोचिंग में एबीवीपी प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी का सम्मान




**मुरहूः** श्योर सक्सेस कोचिंग संस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नव निर्वाचित प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खूंटी जिले के लिए गौरव का क्षण रहा।

संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सुदूर आदिवासी क्षेत्र से निकलकर प्रदेश स्तर तक पहुँचना साबित करता है कि लक्ष्य स्पष्ट और परिश्रम निरंतर हो तो कोई भी छात्र ऊचाइयां छू सकता है। उन्होंने कहा कि प्रकाश टुटी आज आदिवासी समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं।

समाजसेवी डॉ डीएन तिवारी ने कहा कि आज ऐसे छात्र नेताओं की आवश्यकता है जो शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को साथ लेकर चलें। बिरसा कॉलेज के कंप्यूटर ऑपरेटर प्रकाश प्रमाणिक ने कहा कि इस प्रकार का सम्मान अन्य छात्रों को भी प्रेरित करता है।

सम्मानित होने के बाद प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि खूंटी जिले के प्रत्येक विद्यार्थी के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्योर सक्सेस कोचिंग संस्थान के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संस्थान की शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को सीमित संसाधनों में भी शिक्षा और समाज सेवा को अपनाने की प्रेरणा दी। समारोह का वातावरण उत्साह, प्रेरणा और गर्व से परिपूर्ण रहा।

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष अरुण संगा ने स्वर्ण पदक विजेता झोंगो पाहन से की मुलाकात



**खूंटीः** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुण संगा ने आज एशियन यूथ पैरा गेम्स में भारत के लिए तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी झोंगो पाहन से मुलाकात की और उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए खूब बधाई दी। इसके बाद, श्री संगा ने झोंगो पाहन को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से भी मिलवाया। इस मौके पर मंत्री ने स्वर्ण पदक विजेता पाहन का शाल पहनाकर सम्मान किया और उनकी सफलता की सराहना की। इस दौरान, अरुण संगा ने मंत्री महोदय को खूंटी जिले के खेल मैदानों और खिलाड़ियों की परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन और सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने जिले के खेल ढांचे को सुदृढ़ बनाने का अनुरोध किया।

श्री लिंडा ने इस ओर ध्यान देने का आश्वासन दिया और कहा कि जल्द ही इस क्षेत्र में गंभीरता से कार्य किया जाएगा, ताकि खूंटी जिले से और अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभर कर आ सकें। इस अवसर पर प्रशिक्षक आशीष कुमार और दानिश अंसारी भी मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय गूंज महोत्सव शुरू : पुण्यतिथि पर याद किये गये विनोद बिहारी महतो

## पहले दिन जनता की सेवा से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन

संवाददाता

**मुरीः** सेवा, सम्मान एवं संस्कृति के कार्यक्रमों से भरपूर तीन दिवसीय गूंज महोत्सव गुरुवार को सिल्ली स्टेडियम में शुरू हुआ। पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने स्व विनोद महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं दीप जलाकर महोत्सव की शुरूआत की। तीन दिनों तक चलने वाला यह कार्यक्रम का पहला दिन सिल्ली दूसरे दिन जोन्हा

महोत्सव एवं अंतिम दिन राहें में कार्यक्रम होंगे।



पहले दिन सिल्ली में महावीर मणिपाल हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क आई कैंप, सिल्ली सरकारी अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, असहायों के बीच कम्बल वितरण, गरीबों को भोजन सहित जनता की सेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सुदेश महतो ने सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। : सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायत के 2 हजार से गरीब असाहाय वृद्धा के बीच सुदेश कुमार महतो एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी लुपुंग पंचायत समिति सदस्य ज्योति कुमारी एवं अन्य सदस्यों ने कंबल का वितरण किया। चिकित्सा शिविर में आए हुए ग्रामीणों के बीच सुदेश महतो ने स्वयं खिचड़ी का वितरण किया एवं उन्होंने ने भी साथ बैठकर खिचड़ी का आनंद लिया। सिल्ली अस्पताल की ओर चिकित्सा शिविर में 2 सौ मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गई ।

इनके अलावा कई महिलाओं के बीच अस्पताल की ओर आयरन की गोली का वितरण किया गया।

इस मौके पर चिकित्सक डॉ विवेक कुमार सुरेन्द्र महतो, भरत सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव सवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप

संवाददाता

**खूंटीः** जिले में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी झंडे और विरोधी नारों वाली तख्तियां लेकर भाजपा कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने जमावड़ा किया।

कार्यकर्ताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ो और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बंद करो जैसे नारे लगाए। लगभग आधे घंटे तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुआ। संभावित स्थिति को देखते हुए पहले से ही पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहने के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा द्वेषपूर्ण राजनीति करते हुए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। ईडी द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध बताया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इन आरोपों को निराधार बताया है भाजपा झूठे आरोपों से कांग्रेस की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है मिश्रा ने बताया कि यह आंदोलन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए किया जा रहा है और पहले भाजपा के केंद्रीय कार्यालयों का घेराव किया गया था, अब जिला स्तर पर प्रदर्शन हो रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने में महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता गोप, युवा कांग्रेस महासचिव कुणाल कमल कच्छप, सांसद प्रतिनिधि अनमोल होरो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।




### मैट्रिक के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा काउंसलिंग कार्यक्रम



**मुरहूः** श्योर सक्सेस कोचिंग संस्थान में मैट्रिक परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक विशेष काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुरहू थाना प्रभारी नोवेल गोडविन केरकेट्टा ने विद्यार्थियों को अनुशासित एवं तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने का मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में थाना प्रभारी नोवेल गोडविन केरकेट्टा ने विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित आवश्यक अनुशासन, समय प्रबंधन एवं तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने छात्रों को अनुशासित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी, मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने को कहा, लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन पर जोर दिया। आत्मविश्वास, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने से निश्चित रूप से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान का नहीं बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास का भी परीक्षण होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करने और स्वयं पर विश्वास बनाए रखने की अपील की। काउंसलिंग सत्र से विद्यार्थियों में नया उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में संस्थान प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता को लेकर समीक्षात्मक बैठक

## उपायुक्त ने योजनाओं - कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद दिये आवश्यक दिशा- निर्देश

संवाददाता

**चतराः** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति कीर्तिश्री की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय, चतरा के सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीएसआर के तहत सीसीएल, डीएमएफटी एवं एनटीपीसी से प्राप्त एम्बुलेंसों के सफल संचालन को लेकर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को निर्देशित किया कि चार सदस्यीय टेलीफोन ऑपरेटर दल का गठन कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही सभी एम्बुलेंस चालकों के मोबाइल नंबर संबंधित वाहन के साथ टैग करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने बताया कि गुड गवर्नेंस वीक, जो 24 दिसंबर 2025 तक मनाया जाना है, के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थलों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आयुष्मान वार्ड में आईसी एवं अन्य जागरूकता सामग्री सुसज्जित ढंग से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डीएमएफटी के तहत उपलब्ध चिकित्सा पदाधिकारियों को कान्हाचट्टी, लावालौंग, मयूरहंड, गिद्धौर, पत्थलगड़ा एवं कुंदा प्रखंडों के पीएचसी में नोडल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। साथ ही उन्हें सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा आवश्यक सहयोग एवं सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।कुछ दिन पूर्व पीएचसी ऊँटा के भ्रमण के दौरान वहां चिकित्सक की नियमित उपलब्धता एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचसी चतरा के चिकित्सा पदाधिकारी को सप्ताह में दो दिन पीएचसी ऊँटा में कार्य करने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) को जिले में कार्यरत एएनएम, जीएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक में अनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। एनएफएचएस आंकड़ों के अनुसार 6 माह से 59 माह आयु वर्ग के 67.5 प्रतिशत बच्चों में अनीमिया की स्थिति को देखते हुए पात्र लाभुकों को आईएफए टैबलेट/सिरप नियमित एवं साप्ताहिक रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही अनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ। जगदीश प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, डब्लू एच ओ के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



### लावालौंग थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से बढ़ती चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत

**चतराः** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में इन दिनों मनबढ़े चोरों का आतंक चरम पर है। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं,जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। कभी घरों में चोरी,तो कभी वाहनों के टायर और बैटरी की चोरी,कहीं सोलर प्लेट तो कहीं दरवाजे और मचान के नीचे बंधे पशुओं की चोरी की घटनाएं धड़ल्ले से हो रही हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे रात के अंधेरे में बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।दो दिन पूर्व कटिया पंचायत के कर्मा गांव में लगभग दो लाख रुपये की भीषण चोरी की घटना हुई थी,जिससे क्षेत्र में दहशत और बढ़ गई।वहीं बुधवार की रात प्रमोद रविदास के घर से दो बकरियां,लखन वर्मा के घर से एक बकरी तथा मुंगेश्वर वर्मा के घर से भी एक बकरी चोरी कर ली गई।बताया जा रहा है कि चोर बकरियों को बोलेरो वाहन में लादकर कुंदा की ओर भाग निकले।इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने वाहन को जाते हुए देख लिया।घटना की जानकारी मिलते ही मुंगेश्वर वर्मा ने कुंदा में रहने वाले अपने परिजन को फोन कर पूरे मामले से अवगत कराया। तत्परता दिखाते हुए मुंगेश्वर वर्मा और कुछ ग्रामीणों ने कुंदा में ही बोलेरो वाहन को रोक लिया। वाहन में चोरी की गई बकरियों को देखकर ग्रामीणों ने चालक समेत वाहन को अपने कब्जे में ले लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।खबर लिखे जाने तक कुंदा पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई थी।वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि इन चोरों का लावालौंग क्षेत्र में हो रही अन्य चोरी की घटनाओं से कोई संबंध नहीं है।उनका कहना था कि ये लोग जहां भी जाते हैं,केवल एक बार चोरी करते हैं और दोबारा उस क्षेत्र में नहीं आते। वहीं लावालौंग पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी के पति विष्णु रविदास ने कहा कि पुलिस इतनी गारंटी के साथ कैसे कह सकती है कि ये चोर लावालौंग के विभिन्न गांवों में हो रही वारदातों में शामिल नहीं हैं।उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर गंभीर कार्रवाई की मांग की है।

### बंद घर से 10 हजार 500 सौ कैश और चांदी के गहनों की चोरी

**चतराः** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटेहरा गांव में बंद पड़े घर से अज्ञात चोरों ने एक लाख रुपए की चोरी कर ली। चोर घर से दस हजार 500 नकदी, चांदी की पायल व गले की चेन चोरी कर चंपत हो गए । पुलिस ने पीड़ित के लिखित शिकायत के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।पीड़ित खुटेहरा गांव निवासी देवेंद्र कुमार साव ने बताया कि हम सपरिवार चतरा शहर के अव्वल मोहल्ला रहते हैं। सप्ताह में कभी- कभी घर आकर देखते रहते थे। मकान में ताला लगा रहता था। मुझे घर के पड़ोसी के द्वारा गुरुवार सुबह सूचना दिया गया कि आपके घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है । इसके बाद मैं आनन फानन में चतरा से गांव पहुंचा तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। जब वह मकान के अंदर प्रवेश किया तो सभी कमरों के ताले भी टूटे हुए थे। जब सामान चेक किया तो 10 हजार 500 सौ रुपए कैश, चार पीस चांदी का पायल, चांदी का गला की चैन,4 पीस चांदी की बिछिया, सहित जरूरी दस्तावेज और घरेलू रसोई में फुल का उपकरण गायब थी।कुल लागत एक लाख है। पीड़ित ने हंटरगंज थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। इधर जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार दल बल के साथ पहुंचे और घटना का जायजा लिया।पुलिस आवेदन के आलोक में हर एक पहलू पर जांच करते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।

### आदिवासी स्वाभिमान और बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरित साइकिल रैली का आयोजन




**तोरपा :** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर आदिवासी स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

तोरपा के संत जोसेफ कॉलेज परिसर से दिल्ली खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने हरी झंडी दिखाकर इस साइकिल रैली को रवाना किया। इस रैली में कुल 8 सदस्य शामिल हैं, जिनमें एनसीसी के तीन छात्र, तीन छात्राएं और दो एस्कॉर्ट शामिल हैं। साइकिल रैली तोरपा से पहले दिन 75 किलोमीटर की यात्रा तय कर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलीहातु पहुंचेगी, जहाँ वे श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और बिरसा मुंडा के जीवन व संघर्ष के बारे में जानकारी लेंगे। इसके बाद दूसरे दिन यह यात्रा तमाड बुंडू होते हुए रांची पहुंचेगी और फिर रांची से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। रैली के रवाना होने से पूर्व कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने रैली में शामिल छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त किया और उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के कर्नल सुदीप सिन्हा ने खूंटी एसपी मनीष टोप्पो को अंगवस्त्र, एनसीसी का स्मृति चिन्ह, टोपी और पौधा भेंट किया। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेटा, पुलिस निरीक्षक आंचल अशोक सिंह, थाना प्रभारी तोरपा मुकेश यादव, कॉलेज के प्रिंसिपल गाब्रियल सुरीन, इमानुएल बागे, रवि पोल एक्का, सीटीओ अशोक तिर्की सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। यह साइकिल रैली युवाओं को ऐतिहासिक विरासत से जोड़ते हुए स्वास्थ्य और राष्ट्रभक्ति का संदेश देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने 67 चिकित्सकों को दिया नियुक्ति पत्र

## मेडिको सिटी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट शुरू करने की बड़ी घोषणा

संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची स्थित एनएचएम सभागार में स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने 67 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमें 33 मेडिकल अफसर और 34 विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। इस कार्यक्रम को राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े बदलाव की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। समारोह में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के झारखंड प्रमुख शशि प्रकाश झा, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सिद्धार्थ सान्याल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




**केवल नियुक्ति नहीं, स्वास्थ्य व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव की शुरूआत**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि नव-नियुक्त चिकित्सक झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र का भविष्य हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार हर बेटी, हर धर्म और हर वर्ग का सम्मान करती है। यहां पहचान कपड़ों से नहीं, योग्यता से होती है।' उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि झारखंड में सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और भाईचारे की संस्कृति है। डॉ. अंसारी ने कहा कि यह आयोजन केवल नियुक्ति पत्र वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरूआत है। उन्होंने बताया कि बीते 11 महीनों में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक सुधार किए गए हैं और आने वाले समय में यह सुधार और तेज होंगे।

**10 हजार नई नियुक्तियां और हाईटेक स्वास्थ्य ढांचा तैयार**

डॉ. अंसारी ने भविष्य की कई महत्वपूर्ण योजनाओं की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज पूरी तरह क्रियाशील होंगे। इसके अलावा करीब 10 हजार और नियुक्तियां जल्द की जाएंगी। नए वर्ष के पहले महीने में बंपर डॉक्टर बहाली की योजना है। राज्य में सात अत्याधुनिक हाईटेक डायग्नोस्टिक लैब स्थापित की जाएंगी और सभी मेडिकल कॉलेजों को एआई आधारित, रोबोटिक और स्मार्ट हेल्थ सिस्टम से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि सदर और रेफरल अस्पतालों का पूर्ण डिजिटलीकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और मंत्री आवास में सेंट्रल कमांड कंट्रोल सेंटर की स्थापना होगी। इसके साथ ही मेडिको सिटी की स्थापना से सुपर स्पेशियलिटी इलाज की सुविधा झारखंड में ही उपलब्ध होगी। रांची सदर अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट शुरू करने की भी योजना है।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीक और कुशल मानव संसाधनों के माध्यम से झारखंड की स्वास्थ्य सेवाएं नई ऊंचाइयों को छुएंगी। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश साफ था कि झारखंड का स्वास्थ्य तंत्र अब केवल इलाज नहीं, बल्कि भरोसा, सम्मान और आधुनिक चिकित्सा का मजबूत मॉडल बन रहा है।

# इस्लामी मरकज के अर्धवार्षिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थी किये गये सम्मानित

## शिक्षक उस चिराग की मानिंद हैं जो खुद जलकर पूरे समाज को प्रकाशित करते हैं : मो इसलाम

मेट्रोरेज

**रांची:** अल जामिअतुल कादरीया इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी के तत्वावधान में आयोजित अर्धवार्षिक समारोह की अध्यक्षता इस्लामी मरकज के प्रिंसिपल मुफ्ती मो.जमील अहमद ने की। कार्यक्रम में सर्वधर्म सद्भावना समिति के अध्यक्ष मो.इसलाम ने मदरसा के छात्रों को संबोधित कर शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि तालीम एक ऐसी शय है जिसे जितना बांटा जाए कम नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक उस चिराग की मानिंद हैं जो खुद जलकर पूरे समाज को प्रकाशित करता है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि अच्छे समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका अहम है अतः अच्छे समाज के निर्माण के लिए समज में तालीमी बेदारी जरूरी है। इस्लामी मरकज के प्रिंसिपल मुफ्ती मो.जमील ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में मदरसा के शिक्षकों सहित छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक तालीम देते हैं और अभिभावक तरबीयत देते हैं अतः अच्छे समाज के निर्माण में अच्छी शिक्षा के साथ साथ अच्छी तरबीयत बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतिहास तो सभी पढ़ते हैं पर बहुत कम लोग इतिहास का हिस्सा बनते हैं। छात्रों से उन्होंने इतिहास का हिस्सा बनने का आह्वान किया। प्रत्येक क्लास में अच्छे नम्बर से पास होने एवं क्लास में प्रथम, द्वितिय एवं त्रितीय स्थान लाने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए ईनाम से नवाजते हुए किताब देकर सम्मानित किया गया। ईनाम पाने वालों में मुख्य रूप से मो.आरिज अहमद - हजारीबाग,मुनीर आलम - छत्तीसगढ़,मो.मोजम्मिल हुसैन - हजारीबाग, मो.आफताब आलम- गिरीडीह,नासिर अंसारी - पुरुलिया,जमील अख्तर - गढ़वा,मो.नेशात अख्तर - गोड्डा, आफताब अंसारी - रांची,मो. इरशाद आलम - बोकारो,मो. इमाम हुसैन - रामगढ़,मो.सुलतान- बोकारो, जुल्फेकार अंसारी - कोडरमा सहित अनेक जिले के छात्रों के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रिंसिपल मुफ्ती मो.जमील के साथ - साथ मौलाना मो. निजामुद्दीन रिजवी, मौलाना मो. कलीमुद्दीन रिजवी, मौलाना मो.शमशाद आलम, मुफ्ती आकिब जावेद,हाफिज मो. जावेद हुसैन, मौलाना मो.मिनहाजुद्दीन फारूकी सहित मरकज के अनेक शिक्षक एवं छात्र मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत तेलावते कलाम पाक से की गई एवं सामूहिक दुआ के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।



# सीसीएल रांची में रजत जयंती क्रिसमस समारोह का भव्य आयोजन

## 600 से अधिक कर्मचारी, पदाधिकारी और प्रतिभागी हुए शामिल



संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची स्थित सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आज सीसीएल मुख्यालय स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर में क्रिसमस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर 600 से अधिक कर्मचारियों, पदाधिकारियों तथा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, सीसीएल तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, सीसीएल की उपस्थिति रही। इसके साथ ही सीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्षों सहित मसीही समुदाय की सक्रिय भागीदारी ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। यह आयोजन सीसीएल में क्रिसमस उत्सव के 25 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक रहा, जिसमें सामूहिक सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता एवं आपसी भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान कैरल गायन एवं विभिन्न उत्सवी गतिविधियों ने समूचे वातावरण को उल्लासमय एवं यादगार बना दिया। समारोह ने आनंद, एकता तथा सौहार्द के संदेश के साथ क्रिसमस की सच्ची भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

# रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग का रोमांच चरम पर, अभ्यास सत्रों में दिखा जोश

संवाददाता

**रांची:** महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) को लेकर राजधानी रांची में खेल का उत्साह चरम पर है। टूर्नामेंट से पहले कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रांची पहुंच चुके हैं, और मोरहाबादी स्थित मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टीमों के प्रैक्टिस सेशन शुरू हो गए हैं।

सबसे अधिक चर्चा में है घरेलू टीम रांची रॉयल्स , जिसके अभ्यास सत्र को देखने के लिए दर्शकों और खेल प्रेमियों की भीड़ जुट रही है। टीम के अभ्यास में भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी खिलाड़ी निक्की प्रधान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकीं ब्यूटी डुंगडुंग समेत कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं।

साथ ही झारखंड की कई उभरती महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी अभ्यास का अवसर मिल रहा है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ा है। अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का यह संयोजन रांची रॉयल्स को एक मजबूत और संतुलित टीम के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।



महिला हॉकी इंडिया लीग के मुकाबलों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। पहला मुकाबला 28 दिसंबर (रविवार) को रांची रॉयल्स बनाम एसजी पाइपर्स के बीच रात 7:30 बजे खेला जाएगा। इसके बाद 29 दिसंबर को सूरमा हॉकी क्लब और राढ़ बंगाल टाइगर्स आमने-सामने होंगे। 30 दिसंबर को रांची रॉयल्स का मुकाबला राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। 1 जनवरी को एसजी पाइपर्स बनाम राढ़ बंगाल टाइगर्स और 2 जनवरी को रांची रॉयल्स बनाम सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला होगा।

3 से 8 जनवरी तक लीग चरण के अंतिम मैच खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबला 10 जनवरी (शनिवार) को रात 8:15 बजे आयोजित किया जाएगा।

इन मैचों के जरिए रांची एक बार फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। झारखंड की महिला खिलाड़ियों के लिए यह लीग न केवल अनुभव अर्जित करने का अवसर है, बल्कि भविष्य की अंतरराष्ट्रीय पहचान की दिशा में एक बड़ा कदम भी माना जा रहा है।

# कपिल कुमार बने गिद्धौर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि

**गिद्धौर (चतरा):** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार को सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने अपना प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। कपिल कुमार के विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है। कार्यकताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि उनके प्रतिनिधि बनने से क्षेत्र की जनसमस्याओं को सही पटल पर रखने में सहूलियत मिलेगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
निम्नलिखित कार्य/कार्यों हेतु उप मुख्य इंजीनियर (कारखाना) लोको- अजमेर के कार्यालय से ई निविदा आमंत्रित की जा रही है। **निविदा सं. 13-वर्कशाप-अजमेर- 2025 -26 कार्य का नाम** : इम्प्रुवमेन्ट इन वेगन मेंटनेन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर एट अजमेर डीजल लोको एण्ड वेगन वर्कशॉप एण्ड अपग्रेडेशन ऑफ मेंटनेन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर फेसिलिटीज ऑफ वेगन रिपेयर शॉप एट लोको वर्कशाप अजमेर। **अनुमानित लागत** : रु. 68058063.39 **धरोहर राशि/ बिड सिक्यूरिटी** : रु. 490300.00 **निविदा की अंतिम तिथि** : 12.01.2026 को 15.00 बजे तक उपरोक्त ई निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।
1632-DR/25
हमें NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

# महिलाओं के प्रति बिहार के मुख्यमंत्री असंवेदनशील: मनोज पांडेय

मेट्रो रेज



**रांची:** बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा एक महिला डॉक्टर का सरेआम नकाब खींचे जाने पर राष्ट्रीय जनता दल झारखंड ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रदेश राजद महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने बयान जारी कर कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री महिलाओं के प्रति असंवेदनशील है । एक तरफ बिहार सरकार मुख्यमंत्री महिलाओं के सम्मान के लिए कई नाटक रचते हैं और दूसरी तरफ महिलाओं के प्रति इस तरह का कृत्य काफी निंदनीय है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम होगी। बिहार के मुख्यमंत्री को झारखंड सरकार के महागठबंधन की सरकार से सीख लेनी चाहिए, झारखंड राज्य में महिलाओं की आत्म सम्मान और उनकी तरक्की के लिए कई योजनाएं लाकर महिलाओं को सम्मान दिया जा रहा है जैसे मईंया सम्मान योजना जैसे कई योजनाएं राज्य में चल रही है वहीं दूसरी ओर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला डॉक्टर का सरेआम नकाब खींचकर , धर्म के प्रति सम्मान को जिस तरह से ठेस पहुंचाया गया है, धार्मिक आस्था का अपमान किया गया है यह कहीं से जायज नहीं है। राष्ट्रीय जनता दल झारखंड चाहती है। किसी भी धार्मिक अधिकारों की रक्षा और महिलाओं को सम्मान के लिए देश में एक कठोर कानून बनना चाहिए ताकि इस तरह महिलाओं के प्रति अपमान की पुनरावृत्ति ना हो सके।



# झारखंड तंजीम के सचिव सरफे आलम सम्मानित

**रांची:** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर रांची के हज हाउस, कडरू में आयोजित भव्य कार्यक्रम में झारखंड तंजीम के सचिव सरफे आलम को समाज में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि झारखंड तंजीम एक जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली सामाजिक संस्था है, जो पिछले 20 से 25 वर्षों से समाज के विभिन्न तबकों के बीच निरंतर सेवा कार्य कर रही है। इसी उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए कार्यक्रम में तंजीम के जिम्मेदारों की मौजूदगी में सरफे आलम को सम्मान से नवाजा गया।

# पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**कान्हाचट्टी (चतरा):** राजपुर थाना क्षेत्र के केन्दुआ सहोर में करीब तीन एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को राजपुर पुलिस ने गुरुवार को नष्ट कर दिया। लगातार राजपुर पुलिस द्वारा पोस्ता की खेती को विनष्टीकरण अभियान चलाकर नष्ट किया जा रहा है।

# टेक स्किल सर्टिफिकेशन से युवाओं को मिला करियर का नया अवसर

मेट्रो रेज

**रांची:** भविष्य की तकनीकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आयोजित एक प्रमुख टेक स्किल पहल के तहत 750 छात्रों को प्रमाणित किया गया।400 छात्रों को एआई कोडिंग और प्रोग्रामिंग, जबकि 350 छात्रों को आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस में प्रशिक्षण दिया गया, जिससे युवाओं की रोजगार क्षमता को मजबूती मिली है। इस पहल के माध्यम से आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, कोडिंग और अन्य उभरती तकनीकों में व्यावहारिक प्रशिक्षण पर फोकस किया गया है। सैमसंग की ओर से कहा गया कि सैमसंग इनोवेशन कैंपस का उद्देश्य युवाओं को उद्योग-संबंधित डिजिटल कौशल प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। युवा करियर मार्गदर्शन और तकनीकी दक्षता हासिल कर रहे हैं, जो देश के डिजिटल विकास में सहायक सिद्ध होंगे।



## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा (भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VI

झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

**प्रारम्भिक अधिसूचना**

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)

अधिसूचना सं0 .................................... दिनांक.................................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – डुमरडीह, थाना नं0 – 06, थाना – कुरडेग, अंचल – कुरडेग में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – सिमडेगा से सेवई, किनकेल, कुरडेग, कुटमाकच्छार, छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2009–10 में अधिसूचना अधिघोशणा कुल रकबा 7.27 ए0 भूमि का दिनांक – 08.08.2011 को प्रकाशन समाचार पत्र दैनिक जागरण में एवं जिला गजट अंक सं0 39 दिनांक – 29.08.2011 को भू-अर्जन की सभी प्रक्रिया पूर्ण पश्चात् आंशिक रुप से मुआवजा भुगतान किया गया। पूनः छुटे हुए प्लॉटों का अधियाची विभाग के द्वारा मौजा – डुमरडीह (अनुपूरक) अधिग्रहण कार्य हेतु अपेक्षित है। ग्राम सभा दिनांक – 29.10.2020 को किया गया। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम – डुमरडीह, थाना नं0 – 06, थाना – कुरडेग, अंचल – कुरडेग, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश 0.9 एकड़ यानि 0.36421 हेक्टेयर मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या उ0 | द0 | पू0 | प.0 | वृक्ष किस्म | संख्या | संरचनाएँ प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 268 | 3058 | रैयती | दोन एक | 0.20 | लोधो साय वगै0 पिता अभिल साय | | | | | | | | |
| 2 | 9 | 3054 | रैयती | टांड़ | 0.09 | झिरगु साय वो चेरु साय वल्द पुजा वगै0 बिरसु साय पिता टुरचा साय वगै0 | | | | | | | | |
| 3 | 123 | 3044 | रैयती | टांड़ दो | 0.025 | कामिल उरांव वल्द डोमरा उरांव वगै0 | | | | | | | | |
| 4 | 200 | 3093 | रैयती | टांड़ दो | 0.01 | सीरी सिंह वल्द जैलाल सिंह | | | | | | | मकान | |
| 5 | 268 | 3059 | रैयती | दोन दो | 0.01 | लोधो साय वगै0 पिता अभिल साय | | | | | | | मकान | |
| 6 | 136 | 3055 | रैयती | टांड़ दो | 0.00 | लोहर साय पिता बुलचु साय | | | | | | | मकान | |
| 7 | 123 | 3045 | रैयती | परती जदीद टांड़ तीन | 0.27 | कामिल उरांव वल्द डोमरा उरांव मिखैल उरांव वल्द पीयुस उरांव वो लुस उरांव वल्द बीनु उरांव | | | | | | | | |
| 8 | 9 | 3053 | रैयती | टांड़ दो | 0.04 | झिरगु साय पिता अमर साय वो चेरु साय पिता पुजा साय बिरझु साय वल्द टुरचो साय | | | | | | | | |
| 9 | 187 | 568 | रैयती | टांड़ दो | 0.18 | रिमिस उरांव वो पतरस उरांव पिता सनी उरांव | | | | | | | | |
| 10 | 143 | 349 | रैयती | परती जदीद टांड़ तीन | 0.04 | जुलियुस उरांव वो सामुएल उरांव पे0 भुटकू उरांव अडरु उरांव पिता बटाई उरांव | | | | | | | | |
| 11 | 248 | 723 | गैरमजरुआ | गैरमजरुआ | 0.035 | गैरमजरुआ खास | | | | | | | | |
| कुल | | | | | 0.9 | | | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा – 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में किसी प्रकार कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अनेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा – 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपतियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो, जिला भू-अर्जन सिमडेगा | जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा | अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 368930 Simdega (25-26)_D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## दुनिया को डरा रहा है इस्लाम का जिहाद

दुनिया एक बार फिर ऐसे प्रश्नों के सामने खड़ी है, जिनसे मुँह मोड़ना अब संभव नहीं। 14 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव मना रहे यहूदियों पर हुआ घातक हमला सिर्फ एक आतंकी घटना नहीं कहा जा सकता है। यह उस वैचारिक संकट का प्रतीक है जो बीते दशकों से लगातार गहराता जा रहा है। साजिद और उसके बेटे नवीद द्वारा की गई इस अंधाधुंध गोलीबारी में 15 निर्दोष लोगों की मौत और कई के घायल होने के बाद यह सवाल फिर उभरा है कि आखिर वह कौन-सी सोच है जो धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा को जिहाद का नाम देकर उसे सही ठहराती है। जिसमें यह घटना ऐसे देश में घटी है, जहाँ न मुसलमानों पर कोई अत्याचार हो रहा था और न ही धार्मिक स्वतंत्रता पर कोई संकट है। ऑस्ट्रेलिया की इस घटना के बाद नवीद अकरम का छह वर्ष पुराना वीडियो सामने आया है जो उसकी मानसिक संरचना को समझने में मदद करता है। वीडियो में वह कहता है कि ह्लअल्लाह का कानून हर पढ़ाई और हर काम से ऊपर है और उसे हर किसी तक पहुँचाया जाना चाहिए।ह्व यह वाक्य साधारण नहीं है। यह उस सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें सांसारिक शिक्षा, आधुनिक कानून और नागरिक कर्तव्यों से ऊपर एक धार्मिक (मजहबी) कानून को स्थापित किया जाता है। यही वह बिंदु है, जहाँ समस्या केवल व्यक्ति की नहीं रह जाती है, वह विचारधारा की बन जाती है।

यह प्रश्न स्वाभाविक है कि ह्लअल्लाह का कानूनह्व आखिर है क्या। इस्लाम में इसे व्यापक रूप से शरिया के रूप में जाना जाता है। मुसलमानों के लिए यह धार्मिक आस्था से अधिक जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति मानी जाती है। इसी क्रम में सीरा, यानी पैगंबर मुहम्मद की जीवनी को आदर्श जीवन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस्लामी ग्रंथों की कुछ व्याख्याएँ ऐसी भी हैं, जिनमें दुनिया को मुसलमानों और गैर-मुसलमानों के बीच स्पष्ट रूप से विभाजित किया गया है। गैर-मुस्लिम क्षेत्रों को ह्यदारुल-हरबह्ण कहा गया है, यानी युद्ध का क्षेत्र। ऐसी व्याख्या में प्रमुखता से जिहाद शामिल है, जिसमें यह मान लिया गया है कि जो इस्लाम को स्वीकार नहीं करता, वह ह्यशिर्कह्ण और ह्यबुतपरस्तीह्ण के जुल्म में लिप्त है और उस जुल्म को समाप्त करना हर मुसलमान का मजहबी कर्तव्य है। इस दृष्टिकोण में हिंसा आत्मरक्षा नहीं रहती, वह आक्रामक मजहबी अभियान बन जाती है।

यही कारण है कि इतिहास से लेकर वर्तमान तक, जिहाद शब्द का प्रयोग अक्सर हथियारबंद संघर्ष के अर्थ में हुआ है। कुरान का नौवां अध्याय, जो जिहाद पर केंद्रित माना जाता है, युद्ध और संघर्ष के संदर्भों से भरा है। कुरान (9:111) में ह्यअल्लाह के कामह्ण के लिए ह्यकत्ल करना और कत्ल होनाह्ण का उल्लेख मिलता है। इसी अध्याय की आयतें–9:5, 9:29, 9:41, 9:73, 9:123 आक्रामक संघर्ष के आह्वान के रूप में उद्धृत की जाती रही हैं। हदीस-साहित्य में भी ऐसे कथन मिलते हैं, जिनका उपयोग वर्चस्ववादी दृष्टि को पुष्ट करने में किया गया है। उदाहरण के तौर पर सहीह बुखारी (4:53:392) में उद्धृत कथन, ह्लतुम सुरक्षित रहोगे, अगर इस्लाम कबूल कर लो। यह पूरी दुनिया अल्लाह की और मेरी हैह्व को इतिहास में यहूदियों और अन्य गैर-मुसलमानों पर दबाव के औचित्य के रूप में पढ़ा गया है। इसी प्रकार कुरान के दूसरे अध्याय की कुछ आयतों की व्याख्याएँ गैर-मुसलमानों को अधीन करने, धर्मांतरण या जजिया के लिए मजबूर करने के रूप में प्रस्तुत की गई हैं। यही कारण है कि सदियों के इस्लामी इतिहास में ह्यहथियारबंद लड़ाईह्ण और ह्यजिहादह्ण को अक्सर समानार्थी की तरह समझा गया। इन आयतों की व्याख्या को लेकर विद्वानों में मतभेद हो सकते हैं, किंतु यह तथ्य नकारा नहीं जा सकता कि कट्टरपंथी समूह इन्हीं व्याख्याओं को आधार बनाकर हिंसा को धार्मिक वैधता प्रदान करते हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए गए हालिया जिहाद संबंधी वक्तव्य को जरूर देखना चाहिए, उनका कहना है कि ह्लजब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगाह्व और यह कि जिहाद का मूल अर्थ आत्मसंघर्ष, बुराइयों से मुक्ति और अन्याय के विरुद्ध प्रतिरोध है। वे इसे एक पवित्र शब्द बताते हैं और यहां तक प्रस्ताव रखते हैं कि जिहाद के वास्तविक अर्थ को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। सिद्धांत रूप में यह बात आकर्षक लग सकती है किंतु व्यवहार की धरातल पर जो हो रहा है, वह इन दावों से मेल नहीं खाता। न भारत में और न ही ऑस्ट्रेलिया में ऐसी कोई स्थिति थी, जिसे जुल्म कहकर हिंसा को जायज ठहराया जा सके। फिर भी निर्दोष गैर-मुसलमानों की हत्या का सिलसिला पूरी दुनिया में चल रहा है! कहना होगा कि इस वैचारिक ढांचे का परिणाम आज पूरी दुनिया झेल रही है। जम्मू-कश्मीर में लगातार हिंदू यात्रियों और सुरक्षा बलों पर हमले हों, यूरोप में चर्चों, यहूदी केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाया जाए, रूस के मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल में सामूहिक हत्या हो या अफ्रीका में गैर-मुस्लिम गांवों पर धावा बोलना रहा है, हर जगह इसे देखा जा सकता है। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इस आलोचना का उद्देश्य पूरे मुस्लिम समाज को कटघरे में खड़ा करना नहीं है। किंतु यह भी उतना ही सच है कि जब तक इस्लाम के भीतर मौजूद कट्टर और आक्रामक व्याख्याओं पर खुली बहस और आत्मालोचना नहीं होगी, तब तक यह समस्या समाप्त नहीं होगी।हर हिंसक घटना के बाद सिर्फ यह कह देना कि ह्लइस्लाम शांति का धर्म (मजहब) हैह्व अब पर्याप्त नहीं है, क्योंकि सवाल धर्म (मजहब) की राजनीतिक और हिंसक व्याख्या का है। इसलिए वास्तविक संकट हथियारों से कहीं आगे उस सोच का है जो यह मानती है कि पूरी दुनिया किसी एक धार्मिक (मजहबी) पहचान के अधीन होनी चाहिए। यही सोच युवाओं को सिखाती है कि हिंसा पुण्य (सवाब) या अमल-ए-सालिह है और हत्या मजहबी कर्तव्य। यदि इस मानसिकता की जड़ों पर प्रहार नहीं किया गया तो कोई भी सुरक्षा तंत्र, कोई भी कानून और कोई भी सैन्य कार्रवाई स्थायी समाधान नहीं दे सकती है। अब निर्णय दुनिया के धार्मिक नेताओं, सरकारों और बौद्धिक वर्ग को लेना है। आखिर वे क?या चाहते हैं? क्या वे इस समस्या को कानून-व्यवस्था का मामला मानते रहेंगे या उस वैचारिक खाद को भी चिन्हित करेंगे, जिससे यह हिंसा जन्म लेती है। गैर-मुसलमानों पर हिंसा हर हाल में रुकनी चाहिए। यह किसी एक देश या एक समुदाय तक सीमित समस?या नहीं है, आज प्रश?न संपूर्ण मानवता का है। यदि आज भी इस पर गंभीर, ईमानदार और साहसी हस्तक्षेप नहीं हुआ तो तय मानिए कल इसकी कीमत और अधिक निर्दोष लोगों को जान एवं हिंसा से चुकानी पड़ेगी।

# प्रदूषण अब राष्ट्रीय समस्या

**दक्षिण भारत के बड़े शहरों के अलावा पुणे, रांची और पहाड़ों पर बसे शहरों के साथ पूरा देश प्रदूषण के भयावह संकट का सामना कर रहा है। यह संकट जितना बड़ा है, समाधान उससे ज्यादा कठिन हो रहा है। अदालतों की फटकार और वैज्ञानिकों के तमाम सुझाव इस संकट को कम नहीं कर पा रहे हैं। अब तो प्रदूषण एक तरह से स्थाई समस्या बन गया है। जाड़ों की सुबह आसमान कोहरे से ढंका रहे, अब यह असंभव लगने लगा है।**

**मनोज कुमार मिश्र**

प्रदूषण अब केवल दिल्ली और एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) की समस्या नहीं है, यह देश के करीब साठ फीसदी इलाके की समस्या बन गया है। दिल्ली में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 पार कर चुका है और प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले मानक-ग्रैडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (गैप)-चार को पूरे एनसीआर में बार-बार लागू किया जा रहा है। इसे प्रदूषण के मामले में आपात स्थिति माना जाता है। निर्माण कार्य और बड़े वाहनों की आवाजाही रोकने के अलावा लोगों को घरों से बाहर निकलने को एक तरह से सीमित कर दिया जाता है। खासकर बच्चे और साठ साल से ज्यादा उम्र वालों पर इस हालात का ज्यादा असर होता है। सांस की बीमारियों के अलावा अनेक भयावह बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रदूषण माना जाता है। अब मुंबई जैसे समुद्र के किनारे बसे महानगर में भी एक्यूआई 150 पार करने पर गैप लागू कर दिया गया है। एक्यूआई का 100 पार हो जाना ही खतरनाक माना जाता है। मुंबई में प्रदूषण का बड़ा कारण बेहिसाब हो रहे निर्माण कार्य और वाहनों की भीड़ माना जा रहा है। दक्षिण भारत के बड़े शहरों के अलावा पुणे, रांची और पहाड़ों पर बसे शहरों के साथ पूरा देश प्रदूषण के भयावह संकट का सामना कर रहा है। यह संकट जितना बड़ा है, समाधान उससे ज्यादा कठिन हो रहा है। अदालतों की फटकार और वैज्ञानिकों के तमाम सुझाव इस संकट को कम नहीं कर पा रहे हैं। अब तो प्रदूषण एक तरह से स्थाई समस्या बन गया है। जाड़ों की सुबह आसमान कोहरे से ढंका रहे, अब यह असंभव लगने लगा है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाके में सवेरे-शाम ही नहीं दिन-रात के ज्यादातर समय प्रदूषण से ढंका रहने लगा है। सरकारें चाहे जो दावा करें लेकिन हर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। जिनके बूते में है या जिनके पास विकल्प है, वे इस इलाके से पलायन कर रहे हैं या जाड़े के समय किसी अन्य स्थान पर जा रहे हैं। हालांकि ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। ज्यादातर लोग जान जोखिम में रख कर दिल्ली-एनसीआर में जीने को मजबूर हैं। इस भीषण प्रदूषण के कारण अनेक लोगों की जान चली गई और बड़ी तादाद में लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। देश का सबसे प्रतिष्ठित अस्पताल एम्स इसे मेडिकल इमरजेंसी तक मान चुका है। तभी बार-बार प्रदूषण से लोगों की जान बचाने के लिए गैप-4 लागू किया जा रहा है। दिल्ली में यह कई साल पहले साबित हो चुका है कि केवल आधे कारों को हर रोज सड़क पर आने से रोकने से वायु प्रदूषण में ज्यादा कमी नहीं आने वाली है दूसरे, सरकारी कुव्यवस्था को झेल रहे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली इस बार इस हालत में भी नहीं है कि दिल्ली सरकार इस बार निजी कारों का सम-विषम का फिर से प्रयोग कर सके। दिल्ली की लाइफ लाइन बनी मेट्रो रेल को सामाजिक दूरी के हिसाब से तमाम एहतियात के साथ चलाया जा रहा है। उसे पहले की तरह हर रोज 60 लाख से ज्यादा यात्रियों को यात्रा कराने की क्षमता बनाने अभी समय लगेगा। इतना ही नहीं मेट्रो भी अब कम आय वालों के बूते से बाहर होती जा रही है। दिल्ली की बेहिसाब आबादी को प्रदूषण का कारण माना जा रहा है। पहले अवैध औद्योगिक इलाके, एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले ट्रक-बस आदि के चलते भी दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने का कारण माना जाता था। वैसे अभी भी अवैध उद्योग हैं, भले उनकी संख्या कम हुई है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए किसी भी नए उत्पादन ईकाई (मैनिफ्कैचरिंग यूनिट) को लाईसेंस देने पर पाबंदी लगा दी। दिल्ली के चारों ओर ईस्टर्न पेरिफेरियल और वेस्टर्न पेरिफेरियल सड़क बन जाने से दिल्ली होकर एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले ट्रकों का दिल्ली के भीतर आना कम हुआ है।

देश के कई शहरों और राज्यों में प्रदूषण की यही हालत हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश की 60 फीसदी आबादी प्रदूषण से जूझ रही है।

दिल्ली और एनसीआर में रह रहे लोग प्रदूषण नियंत्रण करने की विभिन्न योजनाओं और उपायों से लगातार परिचित होते जा रहे हैं। इनकी फेहरिस्त देखें तो कभी डीजल के वाहनों पर पाबंदी, कभी निर्माण कार्यों पर रोक, कभी स्कूल बंद तो तभी दफ्तरों में घर से काम करने के आदेश से लेकर कोरोना की तरह बेहद जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह सरकार दे रही है। किसानों के पराली (फसलों के अवशेष) जलाने पर सजा के प्रावधान से लेकर कारों को सम-विषम चलाने का प्रयोग दिल्ली देख चुकी है। बावजूद इसके हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। लगातार दो साल कोरोना में हजारों अपनों को खोने वाले अब और किसी महामारी को झेलने की हालत में नहीं हैं।

कोरोना प्राकृतिक आपदा थी जबकि प्रदूषण पूरी तरह मानव निर्मित, जो हमारी गलतियों और सरकारों की लापरवाही या गलत नीतियों के चलते समाज को भुगतनी पड़ रही है। वास्तव में प्रदूषण संकट से देश घिरता जा रहा है। लंबे इंतजार के बाद केन्द्र सरकार के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा ने चुनाव प्रचार में दिल्ली के प्रदूषण का समाधान निकालने का वायदा किया था। अभी तक उस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सार्वजनिक रूप से अब तक प्रदूषण कम न करने के लिए माफी मांगी है। उनका कहना था कि सरकार प्रयास कर रही है लेकिन कुछ महीने में सबकुछ ठीक नहीं हो सकता है। दिल्ली सरकार समेत एनसीआर में आने वाले दूसरे राज्यों की सरकारों ने भी आदेश जारी कर प्रदूषण से फौरी राहत दिलाने के प्रयास किए लेकिन इससे न तो वाहनों का सड़क पर आना कम हुआ और न ही प्रदूषण में कोई कमी आती दिख रही है।

पर्यावरण को राजनीतिक मुद्दा के बजाए आम जन के जीवन को बचाने का मुद्दा बनाया जाए। चालू समाधान नहीं स्थायी समाधान तलाशे जाने की जरूरत है। देरी खतरनाक साबित होती जा रही है। स्थिति इतनी विकट है कि इसका समाधान अकेले दिल्ली सरकार के बूते नहीं हो सकता। केन्द्र सरकार के साथ मिलकर दिल्ली के सभी पड़ोसी राज्यों और दिल्ली की नगर निगमों के साथ-साथ दूसरी सरकारी एजेंसियों को साथ लेकर जनता की सक्रिय भागीदारी से इसका समाधान निकाला जा सकता। यह केवल कहने से नहीं होगा, इसे जन भागीदारी से सफल करवाना होगा।

**(लेखक, जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# संसद में राहुल के तेवर और शाह के पलटवार

**संसद में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान भी ऐसा ही हुआ, अपने भाषण में अमित शाह ने चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस का बखिया उधेड़ कर रख दिया। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के आचरण का चिट्ठा खोल कर रख दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अमित शाह के भाषण की तारीफ की। लोकसभा में दिए राहुल गांधी के भाषण में कोई नयापन नहीं था।**

**विक्रम उपाध्याय**


राहुल गांधी इन दिनों अमित शाह को हर तरह से घेरने में लगे हैं। पहले चुनाव सुधार पर संसद में बहस के दौरान गृहमंत्री को टोकते और रोकते नजर आए और फिर रामलीला मैदान में एसआईआर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह कहते नजर आए कि लोकसभा में उनके उठाए प्रश्नों पर अमित शाह कांप रहे थे। वैसे राहुल गांधी को जानने वाले यह मानते हैं कि उनमें ना भाषा का संयम है और ना पद का लिहाज। वह प्रधानमंत्री के प्रति भी कई बार ओछे शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं, लेकिन गृहमंत्री शाह ने जब संसद में पलटवार किया तो राहुल ब्रिगेड की बेचारगी साफ नजर आई। दरअसल राहुल गांधी लगातार यह कोशिश कर रहे हैं कि लोकसभा में उनका आचरण आक्रामक दिखे और वह सरकार को झुकाते हुए नजर आएं। लेकिन होता उल्टा ही है। भले ही कुछ गैर परंपरागत व्यवहार और कुछ सीधे व्यक्तिगत हमले से राहुल गांधी न्यूज हेडलाइन में खुद के लिए जगह बना लेते हैं, लेकिन जब सत्ता पक्ष से जवाब आता है और तथ्य रखे जाते हैं और शर्मिंदा राहुल को ही होना पड़ता है। संसद में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान भी ऐसा ही हुआ, अपने भाषण में अमित शाह ने चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस का बखिया उधेड़ कर रख दिया। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के आचरण का चिट्ठा खोल कर रख दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अमित शाह के भाषण की तारीफ की। लोकसभा में दिए राहुल गांधी के भाषण में कोई नयापन नहीं था। हर बार की तरह इस बार भी कांग्रेस नेता ने वही सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभागों के विपक्ष के नेताओं के खिलाफ उपयोग का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने फिर से कहा कि आरएसएस सभी सरकारी संस्थानों पर कब्जा करता जा रहा है। यूनिवर्सिटी के वीसी के चयन पर भी सवाल उठाया। पुनः गांधी की हत्या में संघ के शामिल होने का प्रलाप किया। एसआईआर के मुद्दे पर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को धमकी तक दे डाली। उन्होंने वोट चोरी को देशद्रोह बताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को यहां तक कह दिया कि ₹हम आएंगे और तुम्हें ढूंढ निकालेंगे। विपक्ष के नेता ने फिर कहा कि चुनाव आयोग मोदी-शाह के कहने पर लोगों को वोट डालने से वंचित करने का काम कर रहा है। पर जब बारी गृहमंत्री अमित शाह की आई तो काँग्रेस ने वाक आउट का रास्ता अपनाया, लेकिन जब तक कांग्रेसी सदस्य सदन में रहे अमित शाह ने उन्हें आकड़ों के जरिए खूब सुनाया। गृहमंत्री ने कुछ अकाट्य आंकड़े रखे। उन्होंने 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए कहा -असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी में असामान्य उछाल कैसे आया। क्या ऐसे आंकड़े बिना घुसपैठ के संभव हैं? अमित शाह ने जब यह कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और जो लोग देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेंगे, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा, तो कांग्रेस के नेता हत्थे से उखड़ गए और अमित शाह के भाषण में खलल डालने लगे। इस काम में खुद राहुल गांधी सबसे आगे खड़े नजर आए। गृहमंत्री ने साफ कहा कि एसआईआर पर विपक्ष के आरोपों में कोई दम नहीं है और ये अपने खिसकते वोट बैंक से बौखलाए हुए हैं। नहीं तो रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट के तहत एक रूटीन, कानूनी प्रक्रिया का इस तरह विरोध नहीं करते। चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन चालू ही इसलिए लिया है कि अवैध अप्रवासियों के नाम चुनावी सूची में हटाया जाए और साथ में मृत या डुप्लीकेट लोगों के भी नाम काटे जा सके। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया वोट चोरी नहीं है, बल्कि यह वोटर लिस्ट को साफ करने की कोशिश है। लेकिन कांग्रेस इसके जरिए अल्पसंख्यकों के बीच डर फैलाना चाहती है।देखा जाए तो अमित शाह की इस बात में दम है कांग्रेस लोगों में चुनाव आयोग को लेकर अविश्वास पैदा करने के प्रयास में है। अभी तक किसी भी विपक्षी राजनीतिक दल मतदाताओं के साथ कथित भेदभाव के संबंध में चुनाव आयोग के पास कोई औपचारिक आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। अगर मतदान के योग्य लाखों झकरोड़ों के नाम हटाए जा रहे हैं तो विरोधी पार्टियां अदालत क्यों नहीं जा रही हैं। राहुल गांधी मीडिया के बजाय कोर्ट में सबूत क्यों नहीं प्रस्तुत कर रहे हैं। राहुल गांधी तो शपथ पत्र के साथ शिकायत भी चुनाव आयोग के पास जमा नहीं करा रहे हैं। अमित शाह ने भी राहुल गांधी से सदन में पूछा झ अभी तक आपने शून्य सबूत क्यों जमा किए? कोई लिखित शिकायत क्यों नहीं? कोई हलफनामा क्यों नहीं? इसलिए नहीं क्योंकि कांग्रेस का यह अभियान ही झूठ पर आधारित है। अगर राहुल गांधी का मकसद एसआईआर पर देश में हंगामा खड़ा करना है तो वह इस मकसद में अभी तक कामयाब रहे हैं। वह हरियाणा और महाराष्ट्र में कथित वोट चोरी पर कई बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं, मीडिया में हेडलाइन बनते रहे हैं, सबसे बड़े खुलासे का दावा उन्होंने 5 नवंबर को किया, जब अपनी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कथित खुलासे को हाइड्रोजन बम का नाम दिया। पर यह हाइड्रोजन बम भाजपा या एनडीए पर फूटने के बजाय इंडी गठबंधन पर ही फट गया। बिहार में कांग्रेस और आरजेडी दोनों औंधे मुंह गिर गए। कांग्रेस के तो केवल पांच विधायक ही जीत कर आए। अमित शाह ने अपने भाषण में इस हाइड्रोजन बम पर भी चुटकी ली। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में जिस एक घर से 501 वोट डालने का दावा राहुल गांधी ने कर के सनसनी मचाना चाहा, दरअसल वह एक एकड़ के पुश्तैनी प्लॉट पर कई परिवारों का एक साथ रहने वाला घर है। चुनाव आयोग ने खुद इसे साफ किया है कि हाउस नंबर 265 कोई छोटा घर नहीं है।संघ के सवाल पर भी अमित शाह बेबाक नजर आए। उन्होंने ठोक कर कहा कि यदि संघ विचारधारा के लोग महत्वपूर्ण पदों पर पहुंच रहे हैं तो इसमें आपत्ति क्या है? क्या इस देश में कोई ऐसा कानून है, जो आरएसएस की विचारधारा से जुड़े लोगों को किसी पद से अयोग्य ठहराता है। जाहिर है इसका जवाब राहुल गांधी के पास नहीं है। यह सब जानते हैं कि देश के प्रधानमंत्री संघ से जुड़े रहे हैं, खुद गृहमंत्री भी संघ से ही आते हैं, बल्कि केंद्रीय सत्ता से जुड़े कई लोग संघ की शाखाओं और कार्यक्रमों में खुलेआम जाते हैं। कांग्रेस के लोग भी यह मानते हैं कि राष्ट्र के समर्पित संगठनों में आरएसएस से बड़ा कोई भी संगठन नहीं है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# वाराणसी की इन टॉप जगहों पर जरूर जाएं घूमने

गंगा नदी के किनारे बसा वाराणसी एक बेहद खूबसूरत शहर है। वाराणसी को भगवान शिव की नगरी भी कहा जाता है। क्योंकि यहां के कण-कण में महादेव का वास है। वाराणसी का काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग पूरे विश्व में फेमस है। वाराणसी अपने विशाल मंदिरों, घाटों और अन्य लोकप्रिय स्थानों के कारण फेमस है।

यहां पर हर साल लाखों की संख्या में लोग आते हैं। वाराणसी सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों के बीच भी काफी फेमस है। ऐसे में अगर आप वाराणसी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वाराणसी की कुछ टॉप जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही वाराणसी आने के बाद यहां की गंगा आरती में शामिल होना न भूलें।



### सुबह-ए-बनारस

बता दें कि वाराणसी की सुबह का नजारा बेहद अद्भुत होता है। सुबह जल्दी उठकर किसी घाट पर बैठें और खुली आंखों से सूर्योदय देखें। ऐसा करने से मन को काफी शांति मिलती है। गंगा नदी, नारंगी-पीला सूरज और घाट का सुकून इतना ज्यादा सुंदर होता है कि यहां के अलावा आपको यह नजारा कहीं और नहीं देखने को मिल सकता है।

### काशी विश्वनाथ मंदिर

काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इस मंदिर का उल्लेख महाभारत और उपनिषदों में भी किया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर की मान्यता इतनी है कि भगवान शिव में आस्था रखने वाले व्यक्ति जीवन में एक बार यहां दर्शन के लिए जरूर आते हैं। ऐसे में आप जब भी वाराणसी आएं, तो काशी विश्वनाथ के दर्शन करना न भूलें।

### गंगा आरती

वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती पूरी दुनिया में मशहूर है। गंगा आरती को देखने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं। माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इस स्थान पर दशाश्वमेध यज्ञ किया था। गंगा आरती देखना एक ऐसा सुखद अनुभव है, जिसको शब्दों में नहीं बयां किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप भी वाराणसी आ रहे हैं, तो एक बार आपको गंगा आरती जरूर देखनी चाहिए।

### संकट मोचन हनुमान मंदिर

वाराणसी के अस्सी घाट पर संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित है। इस मंदिर का निर्माण साल 1900 के दशक में स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय ने करवाया था। यह मंदिर भगवान श्रीराम और हनुमान जी को समर्पित है। वाराणसी आने वाला हर व्यक्ति इस मंदिर के एक बार दर्शन जरूर करता है। संकट मोचन हनुमान मंदिर में चढ़ाएं जाने वाले लड्डू यहां के स्थानीय लोगों के बीच काफी फेमस है।

### सारनाथ

बता दें कि वाराणसी से सारनाथ की दूरी करीब 10 किमी है। भगवान बुद्ध ने बोधगया में ज्ञान प्राप्त करने अपना पहला उपदेश यहीं पर दिया था। बौद्ध धर्म के अनुयायी अक्सर यहां आते रहते हैं। यहां पर मंदिर, संग्रहालय, स्तूप और भारत का राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ भी यहां पर पाए जाते हैं। सारनाथ के दर्शन से आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# कार्यकर्ता अपने अपने पंचायतों में मजबूती से कार्य करें : विधायक

संवाददाता

**साहिबगंज :** झामुमो बोरियो प्रखंड कमेटी के द्वारा आयोजित बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन,जिला अध्यक्ष अरुण सिंह,जिला सचिव सुरेश टुडू,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा,केंद्रीय समिति सदस्य राजाराम मरांडी,केंद्रीय समिति सदस्य मुजीबुर रहमान,अखलाकुर रहमान,जिला संगठन सचिव रहमान अंसारी,जिला संगठन सचिव काजू मल्लिक कार्यक्रम में शामिल होकर सभी 17 पंचायतों के अध्यक्ष सचिव व सभी पंचायतों में नियुक्त बूथ लेवल एजेंट को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि हमारे झामुमो पार्टी के सभी बूथ लेवल एजेंट को पूरी तत्परता पूर्वक अपने-अपने कार्यों को करने का निर्देश दिया।किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला समिति साहेबगंज के संपर्क कर सकते हैं।बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति से संबंधित फॉर्मेट प्रखंड कमेटी बोरियो को सौंप 3 दिनों के अंदर जिला समिति साहेबगंज को देने का निर्देश दिया।वही बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन ने कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने पंचायतों में संगठन को ओर मजबूत बनाए।बूथ लेवल एजेंट पूरी तत्परता से काम करें।केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा व केंद्रीय समिति सदस्य राजाराम मरांडी,मुजीबुर रहमान ने संयुक्त रूप से कहा कि झामुमो जिला समिति साहेबगंज हरेक प्रखंड में जाकर प्रखंड के सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव व बूथ लेवल एजेंटों के साथ बैठकर उन्हें दिशा निर्देश ओर संगठन मजबूत करने का भी निर्देश दे रही है।सभी पंचायत अध्यक्ष,सचिव अपने अपने बूथ को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष मंडल मरांडी,प्रखंड कोषाध्यक्ष निताय मंडल,रिजवान अंसारी,बाबूलाल हेंब्रम, मुखिया गोलमा फरहाद अंसारी,शकील अहमद,मो एजाज अंसारी,सुरेश मरांडी,गंगा सोरेन हेमलाल हेंब्रम रमेश हांसदा,मिठू कुमार दत्ता,मुमताज अंसारी,मो इरशाद अली,फैयाज अंसारी समेत अन्य मौजूद रहे।



न्यूज IN ब्रीफ

## जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाएं: सरयू



**साहिबगंज :** झारखंड विधान सभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक परिसदन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रत्यायुक्त विधान समिति के सभापति सरयू राय द्वारा की गई।बैठक में जिले के सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण अपने-अपने विभागीय प्रतिवेदन के साथ ससमय उपस्थित हुए। समिति के समक्ष विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं और विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं चर्चा की गई। बैठक के दौरान सेवा का अधिकार, राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना, स्वास्थ्य विभाग, नई शिक्षा नीति, उधवा बर्ड सैंक्चुरी, मंडरो फॉसिल पार्क, राजमहल पहाड़ी क्षेत्र में उपलब्ध जीवाश्मों फॉसिल्स के संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, वृद्धा पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना, विद्युत विभाग, हर घर नल जल योजना, मध्याह्न भोजन योजना तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली राशन वितरण से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभापति श्री सरयू राय ने सभी योजनाओं के प्रभावी व पारदर्शी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने व कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## महादेवगंज में स्वर्गीय भिखारी ठाकुर जी का 138 वीं जयंती मनाई



**साहिबगंज :** राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान जिला इकाई द्वारा प्रांतीय महासचिव शंभूनाथ यादव के निवास महाहेदगंज में भोजपुरी जगत के कालजयी लोकप्रिय भोजपुरी कवि,गीतकार,अभिनेता, नाटककार भोजपुरी के शेक्सपियर के नाम से मशहूर की जयंती मनाई गई इस अवसर पर उनके उपलब्धियों,आदर्शों तथा कुरीतियों पर किए गए प्रहार को स्मरण किया गया एवं उनके आदर्श उनके आदर्श किस प्रकार समाज को गति दे सकती है इसकी आवश्यकता महसूस की गई।इस अवसर पर शंभूनाथ यादव,सियाराम यादव भोजपुरी गायक सह ब्यास विश्वनाथ यादव,बांसुरी वादक,अनुराग राहुल, समाज सेवी,सुमन राज डायरेक्टर गंगा जल रिकॉर्डिंग स्टूडियो महादेवगंज, सुनील कुमार यादव सचिव जनहित क्लब महादेवगंज,माखनलाल यादव जनहित क्लब अध्यक्ष राजेश कुमार यादव साहिबगंज घनश्याम यादव तलबन्ना,अरविंद कुमार सेवानिवृत शिक्षक एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## साहिबगंज के लिए अलग से कानून बनाने की जरूरत है : सरयू



**साहिबगंज :** सूचना अधिकार नियम सेवा का अधिकार सामाजिक सुरक्षा व जनहित से जुड़े काम यहां रूटीन के तौर पर किये जा रहे हैं। गंगा पास है लेकिन यहां के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है।दुर्भाग्य की बात है कि 15-16 वर्षों में शहरी जालपूर्ती की योजना पूरी नहीं हुई।पानी,सीवरेज, ड्रेनेज,सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में सफलता नहीं मिली है।आम जनता से सरोकार रखने वाले नियम कानून के पालन कराने में साहिबगंज पीछे है।जनसरोकारों से जुड़े सभी विभाग की स्थिति एक जैसी है।मंडरो में फॉसिल्स व तीनपहाड़ में फॉसिल्स पाए जाते हैं।इसके संरक्षण के लिए सरकार को कानून बनाना चाहिए। यहां ऐसा संस्थान मिलना चाहिए ताकि लोग बाहर से शोध करने आ सकें। यहां वन के सीमांकन के लिए एक नया कानून बना कर सरकार पहल करे।साहिबगंज में डॉल्फिन की संख्या घट रही है।इन्हें तो नंगी आंखों से देखा जा सकता है।हालांकि इसके संरक्षण को काम ठीक हो रहे हैं।कुल मिला कर सरकार को अगर लगता है तो साहिबगंज के लिए अलग से कानून बनाने की जरूरत है।

## खूंटी में अपूर्ण डाइवर्सन से लोगों को परेशानी

**खूंटी :** खूंटी के बनाई नदी पर छः महीने से सौ मीटर लम्बा और एक करोड़ अस्सी लाख की लागत से बन रहा डाइवर्सन अपने आप में एक वाल्ड रिकॉड है, क्योंकि इसी भारत में पचहत्तर किलोमीटर लम्बा अमरावती से ओकल तक का रास्ता महज एक सौ पांच घंटे में और पैंतीस किलोमीटर लम्बा गंगा एक्सप्रेसवे महज चौबीस घंटे में बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भारत के पास है। तो इस छोटे से डाइवर्सन को बनने में इतना समय लगना तो बनता ही है। खूंटी में अपूर्ण डाइवर्सन से लोगों को परेशानी खूंटी जिले के सिमडेगा मार्ग पर पेलोल गांव के समीप बनाई नदी पर बना पुल छह महीने से अधिक समय से टूटा हुआ है, जिसके कारण यातायात बाधित है। इस पुल के टूटने के बाद से ही डाइवर्सन (वैकल्पिक मार्ग) का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।अपूर्ण डाइवर्सनः एक करोड़ अस्सी लाख रुपये की लागत से बन रहा डाइवर्सन छह महीने से भी अधिक समय से निमार्णाधीन है। ग्रामीणों द्वारा बनाए गए अस्थायी डाइवर्सन से स्कूली बच्चे और ग्रामीण पैदल या छोटे वाहनों से नदी पार कर रहे हैं। बड़े वाहनों के लिए मुश्किलः बड़े वाहनों को 2-3 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए 10-12 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बबार्दी हो रही है। भारत में महाराष्ट्र के अमरावती और ओखला के बीच ठल्-53 पर 75 किलोमीटर लंबा रास्ता मात्र 105 घंटे में और उत्तर प्रदेश का 35 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे सिर्फ 24 घंटे में बनाने का विश्व रिकॉर्ड देश के पास है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शहर के विभिन्न स्थानों में किया कंबल वितरण




संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा साहिबगंज कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए आज व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार ने स्वयं वृद्धजनों, दिव्यांगों और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया ।न्यायालय परिसर में वितरण के पूर्व विगत देर शाम प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री अखिल कुमार के निर्देश पर डालसा सचिव विश्वनाथ भगत ने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। उन्होंने नमामि गंगे घाट, कुली पाड़ा रेलवे स्टेशन और पटेल चौक जैसे क्षेत्रों में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर लोगों को कंबल ओढ़ाए।डालसा सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बताया कि पैरा लीगल वालंटियर्स - 'न्याय मित्रों की एक विशेष टीम गठित की गई है। यह टीम रैन बसेरों, आश्रय गृहों और झुग्गी-बस्तियों में जाकर उन लोगों की पहचान कर रही है जो ठंड में अत्यधिक कठिनाई झेल रहे हैं। टीम न केवल कंबल उपलब्ध कराएगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि इन लोगों को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। जबकि अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री तुषार आनंद, न्यायालय के कई अधिकारी, कर्मचारी और पैरा लीगल वालंटियर्स मौजूद थे।डालसा ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की कानूनी मदद या समस्या के समाधान के लिए वे निम्नलिखित माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं।

# वाहिनी में पुलिस एसोसिएशन भवन नहीं है : प्रभु



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शाखा पदाधिकारी पूर्व केंद्रीय संयुक्त महामंत्री,झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन वर्तमान मांझी पूर्व अध्यक्ष निरीक्षक सशस्त्र प्रभु प्रसाद पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह और बहिनी में उपलब्ध पदाधिकारी की सभा आयोजित की गई।सर्वप्रथम झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सदस्य जो शहीद हुए हैं किसी कारण से मृत्यु हुआ है उनके आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट का मौन व्रत रखा गया।उसके बाद झारखंड पुलिस एसोसिएशन के संविधान क्रमांक 13 के आलोक में शाखा पदाधिकारी व सभा में उपस्थित सभी पदाधिकारी के सहमति से भगवान मांझी प्रभु प्रसाद को वाहिनी कल्याण कार्यों के लिए वाहिनी के कार्यकारिणी पदाधिकारी नियुक्त किया गया।लगभग 5 साल से बकाया भोज्य भत्ता का निकासी लगभग डेढ़ साल से एसीपी,एमएसपी का लाभ हेतु पुलिस मुख्यालय में लंबित लाभ को दिलाने के लिए,साथ ही 4200 ग्रेड पे जो 20 वर्ष के बाद बिहार में उच्च न्यायालय बिहार के द्वारा दिया जा चुका है उसके आलोक में झारखंड राज्य में भी व्यवस्था करने हेतु साथ ही वाहिनी में पुलिस एसोसिएशन भवन नहीं है उसके लिए पहल करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# शैक्षणिक भ्रमण पर आए सिलीगुड़ी के छात्र-छात्राओं का उधवा में भव्य स्वागत



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवाः** पर्यटन एक्टिविस्ट राज बसु के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित मोडेला केयरटेकर सेंटर एंड स्कूल के लगभग 50 छात्र-छात्राएं तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के तहत गुरुवार को उधवा पक्षी अभ्यारण्य झील पहुंचे। भ्रमण के दूसरे दिन छात्रों के आगमन पर राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने गुलदस्ता भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर को खास बनाते हुए स्थानीय आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को उधवा पक्षी अभ्यारण्य झील के प्राकृतिक महत्व, जैव विविधता एवं पर्यटन संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण के क्रम में बच्चों ने वॉच टॉवर, वन कुटीर, शिकारा बोट सहित अभ्यारण्य के विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। झील में मौजूद स्थानीय एवं विदेशी प्रवासी पक्षियों को देखकर छात्र-छात्राएं खासे उत्साहित नजर आए और प्रकृति के नजदीक रहकर सीखने का अनुभव साझा किया। इस मौके पर विधायक एमटी राजा ने कहा कि उधवा पक्षी अभ्यारण्य झील झारखंड राज्य का एकमात्र पक्षी अभ्यारण्य होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त रामसर साइट भी है। यह अभ्यारण्य प्रकृति की अनमोल धरोहर है, जहां ठंड के मौसम में सैकड़ों की संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं। वहीं सालभर स्थानीय पक्षियों की चहचहाहट पर्यटकों को आनंदित करती है। ऐसे अभ्यारण्य जैव विविधता के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं और सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र के पर्यटन विकास को और गति दी जाएगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली, केंद्रीय समिति सदस्य एखलाकुर रहमान, काजू मल्लिक, मुखिया भैया किस्कू, नसीम अख्तर, यासीन शेख, फिरोज शेख, कीनू सोरेन, जहांगीर अली, लूतफुल हक, मंगल हेंब्रम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# अब तक का सबसे शांतिपूर्वक यह रायशुमारी रही : रामानंद



संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के पुरानी साहिबगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय में गुरुवार को साहिबगंज भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए रायशुमारी की गई।संगठन के इस रायशुमारी के लिए प्रभारी के रूप से पूर्व मंत्री बाटुल झा,सह सह प्रभारी संजीव जजवाड़े,सह प्रभारी मीणा कुमारी शामिल हुए।बताया गया की रायशुमारी में 2024 में पार्टी के विधानसभा एवं लोकसभा के प्रत्याशी,प्रदेश का कार्यसमिति के सदस्य मंडल अध्यक्ष,निवर्तमान मंडल अध्यक्ष,सातों मोर्चा के जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष, निवर्तमान जिला अध्यक्ष कुल 68 लोगों द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए तीन-तीन उम्मीदवारों का नाम दिया जा रहा है।उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि अब तक का सबसे अनुशासित और शांतिपूर्वक यह रायशुमारी कार्यक्रम संपन्न किया गया।पार्टी सूत्रों के अनुसार जिला अध्यक्ष की दौड़ में रामानंद साह, राजेश मंडल,कृपानाथ मंडल उर्फ बम बम मंडल,उज्जवल मंडल रणधीर सिंह,गौतम यादव धर्मेंद्र कुमार,रामदर्श यादव शामिल हैं।मौके पर बोरियो पूर्व विधायक लोबीन हेंब्रम,कमल भगत,जिला अध्यक्ष उज्वल मंडल,गणेश तिवारी,कृपानाथ मंडल, रणधीर सिंह, रामानंद साह, धर्मेंद्र कुमार, प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल, विक्रम सरकार,कार्तिक साह, गौतम यादव,राजेश मंडल,कृष्णा महतो शामिल हैं।

# अवैध घुसपैठिए कर रहे हैं जमीन पर कब्जा : संत कुमार घोष

## अवैध घुसपैठ के खिलाफ असम राज्य में एनआरसी कि सूची में 80 लाख घुसपैठियों का नाम शामिल

संवाददाता

**साहिबगंज :** हिंदू धर्म रक्षा मंच झारखंड ने जनहित पार्टी को समर्थन करते हुए असम के गुवाहाटी में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ असम राज्य में एनआरसी कि सूची में 80 लाख बांग्लादेशी घुसपैठियों का नाम सामिल किया है।एनआरसी सूची रद्द करने के लिए चल रहे कार्यक्रम में झारखंड से दर्जनों प्रमुख कार्यकर्ता आंदोलन में हिस्सा लिया।एनआरसी सूची के विरोध में जनहित पार्टी ने 17 दिसंबर को गुवाहाटी के विभिन्न चौक चौराहों में जन जागरण अभियान चलाया और 18 दिसंबर को महामहिम राज्यपाल मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।जिसमें हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष,प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो,मिथिलेश भगत,मनीष राज,रमाकांत साहित अन्य कार्यकर्ता हिस्सा लिया।हिन्दू धर्म रक्षा मंच के संत कुमार घोष ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर संकट है जो पूरे देश में 5 करोड़ से अधिक बंगलादेशी घुसपैठिए है।घुसपैठियों के चलते बांग्लादेश कि सीमा से लगे असम का 13,पश्चिम बंगाल 5,बिहार 4,झारखंड के 2 जिला आज मुस्लिम बहुल हो चुका है।असम राज्य में एनआरसी सूची बनाई गई है जिसमें 80 लाख बांग्लादेशी की नागरिकता सूची में शामिल किया गया है जिसके विरोध में जनहित पार्टी को समर्थन करते हुए आंदोलन में हिंदू धर्म रक्षा मंच ने समर्थन किया है कि झारखंड के संथाल परगना में इन अवैध घुसपैठियों के कारण आदिवासी बहन बेटियों को दुल्हन बना कर धोखे से जमीन पर भी कब्जा कर रहे हैं।





# सनी देओल, शाहरुख, विकी-रणबीर सबका काम तमाम!

# 'धुरंधर' की दहाड़ से कांप उठा बॉक्स ऑफिस

**'धुरंधर'** को रिलीज हुए पूरे 11 दिन कंप्लीट हो गए हैं. जैसा फिल्म को दूसरा वीकेंड चाहिए था, एकदम वैसा ही मिला है. फिल्म की कमाई में 11वें दिन बहुत कमी आई है, बावजूद इसके कई बड़ी-बड़ी पिक्चरों ने 'धुरंधर' के आगे दम तोड़ दिया है. रणवीर सिंह ने 11वें दिन के कलेक्शन से पहले ही एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है. 'धुरंधर' 11वें दिन भी रुकने का नाम नहीं ले रही है. फिल्म ने 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी, जिस वक्त फिल्म की कमाई काफी कम थी. पर हर बढ़ते दिन के साथ रणवीर सिंह रिकॉर्ड तोड़ते हुए आगे बढ़ रहे हैं. खासकर फिल्म का दूसरा वीकेंड बेहद जबरदस्त रहा है. खासकर पहले वीकेंड की तुलना में ज्यादा कमाई की है. शनिवार-रविवार के बाद फिल्म की कमाई को झटका जरूर लगा है, पर बावजूद इसके कई बड़ी फिल्मों का काम तमाम करते हुए आगे बढ़ रही है. जानिए फिल्म ने 11वें दिन कितना बिजनेस किया है. साथ ही भारत में अब 400 करोड़ से कितना दूर रह गए हैं? रणवीर सिंह की 'धुरंधर' ने टोटल 11 दिनों में सबसे ज्यादा कमाई दूसरे संडे को की है. जब 58 करोड़ कमाकर कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया. फिल्म ने अबतक दुनियाभर से 552.70 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है. साथ ही भारतीय ग्रॉस कलेक्शन 430 करोड़ पार कर गया है. ओवरसीज में भी 'धुरंधर' को काफी प्यार मिल रहा है. जिसके साथ ही वो आगे भी बढ़ रहे हैं. अकेले 120.50 करोड़ रुपये फिल्म ने ओवरसीज से ही छापे हैं. जबकि, इंडियन नेट कलेक्शन है- 364.60 करोड़ रुपये. 400 करोड़ के क्लब में भी फिल्म जल्द ही एंट्री कर लेगी.

# सेलिना जेटली ने पति पीटर हाग से मांगा 100 करोड़ का मुआवजा

### हर महीने 10 लाख रुपये मेंटेनेंस की डिमांड

बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने कुछ दिनों पहले पति पीटर हाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. इस शिकायत में उन्होंने बेहद ही संगीन आरोप लगाए थे. अब सेलिना जेटली ने अपने पति पीटर हाग से 100 करोड़ रुपये का



मुआवजा मांगा है और इसके साथ ही हर महीने 10 लाख रुपये मेंटेनेंस की डिमांड की है. बताते चलें कि सेलिना जेटली और पीटर हाग बीते 12 दिसंबर यानी शुक्रवार को कोर्ट में पेश हुए थे. कोर्ट ने दोनों से 27 जनवरी तक अपने इनकम एफिडेविट जमा कराने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही कोर्ट ने एक्ट्रेस के पति से घरेलू हिंसा के तहत दर्ज शिकाटत पर जवाब मांगा है. सेलिना जेटली ने बताया कि जब उनके एक बच्चे और माता-पिता का निधन हुआ था तब वह मानसिक रूप से परेशान थीं. उस समय पति पीटर हाग ने उनके फ्लैट अपने नाम करा लिया और उसे किराए पर दे दिया. इसके साथ ही वियना में खरीदी गई साझा प्रॉपर्टी को बिना सूचना दिए पीटर हाग ने बेच दिया. सेलिना जेटली ने बताया कि पति ने उन्हें और उनके बच्चों को ऑस्ट्रिया के एक छोटे गांव में छोड़ दिया था.

### सेलिना जेटली ने नवंबर में दायर की थी याचिका

सेलिना जेटली ने बीते महीने नवंबर में कोर्ट में याचिका दायर की थी. इसमें दावा किया गया था कि शादी के 15 साल के दौरान लगातार शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना झेली है. उन्हें गालियां दी गई और लबें समय तक अपमानजनक व्यवहार झेलना पड़ा. सेलिना जटली ने आरोप लगाया कि उनकी आर्थिक स्वतंत्रता छीन ली गई. उनके पति पीटर हाग ने प्रोफेशनल काम में दखल दिया और कमाई करने से रोक दिया गया. इसका नतीजा ये हुआ वह पूरी तरह से पति पर निर्भर हो गईं. सेलिना जटली का कहना है कि पति ने उनके बैंक अकाउंट से पैसे निकाले और डेबिट-क्रेडिट का इस्तेमाल किया. इसक साथ ही उनके जरूरी दस्तावेज और पासपोर्ट अपने पास रख लिया.



# तमन्ना भाटिया का कटा पत्ता

### रजनीकांत की अगली बड़ी फिल्म में आ गई ये एक्ट्रेस, लेती हैं इतनी फीस

**साउथ** सुपरस्टार रजनीकांत की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है. क्योंकि वो एक ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल पर काम कर रहे हैं. यूं तो इस साल उनकी 'कुली' रिलीज हुई है, जिसे लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया था. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी काफी कमाई की है, पर जैसा काम लोग लोकेश कनगराज से देखना चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दिया. अब रजनीकांत की फिल्म में एक एक्ट्रेस की एंट्री हुई है, जिसने तमन्ना भाटिया का पत्ता काट दिया. इस साल साउथ और बॉलीवुड की कई फिल्मों ने सिनेमाघरों में दस्तक दी. कुछ बुरी तरह से फ्लॉप हो गई, तो कुछ ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों का कारोबार किया है.अब इंतजार है अगले साल का. जब कई यंग एक्टर्स की फिल्में रिलीज की जाएंगी. जबकि, रजनीकांत की एक बड़ी फिल्म भी आ रही है, जिसमें कुछ बॉलीवुड स्टार्स दिखाई देंगे. हाल ही में पता लगा था कि फिल्म में विद्या बालन की एंट्री कंफर्म है. साथ ही पिक्चर अगले साल यानी 2026 अगस्त तक आ सकती है. लेकिन अब नई एंट्री ने सबको हैरान कर दिया है. क्योंकि इस एक्ट्रेस ने तमन्ना भाटिया का पत्ता काटा है. रजनीकांत जल्द ही कमल हासन के साथ काम करने जा रहे हैं. फिल्म जब अनाउंस हुई थी, जब डायरेक्टर कंफर्म था. लेकिन बाद में फिल्म से डायरेक्टर ने हाथ पीछे खींच लिए. अभी नए डायरेक्टर की तलाश की जा रही है. रजनीकांत की अगली पिक्चर से काफी उम्मीदें हैं. क्योंकि साल 2023 में जब फिल्म का पहला पार्ट रिलीज किया गया था. तब सिर्फ बॉलीवुड फिल्में ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही थी, लेकिन देखते ही देखते रजनीकांत की फिल्म में कौन आ गई?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नोरा इस गाने के लिए रजनीकांत के साथ 8 दिनों तक शूटिंग कर रही हैं. यूं तो नोरा फतेही लगातार कई म्यूजिक वीडियोज का हिस्सा रह चुकी हैं. साथ ही उनमें भी धमाल मचाती नजर आ जाती हैं. एक बार फिर उसी अंदाज में दिखाई देने वाली हैं. कहा जा रहा है कि 'जेलर 2' का ये गाना नोरा के ब्लॉकबस्टर सॉन्ग की लिस्ट में एंट्री ले सकता है.

# फराह खान ने कुनिका को दी

### नया बॉयफ्रेंड बनाने की सलाह



**बॉलीवुड** में अक्सर फिल्मी सितारे अपने काम के साथ-साथ निजी जिंदगी से जुड़े अनुभव भी साझा करते रहते हैं। इस कड़ी में फिल्ममेकर और मशहूर कोरियोग्राफर फराह खान ने अभिनेत्री कुनिका सदानंद के साथ बातचीत की। हाल ही में वह कुनिका सदानंद के घर पहुंची। इसी दौरान उन्होंने हंसते हुए कुनिका को सलाह दी कि अब शायद उन्हें नया बॉयफ्रेंड ढूंढ लेना चाहिए। इस मजाक की शुरुआत तब हुई, जब कुनिका सदानंद ने 'बिग बॉस 19' से जुड़ा एक पुराना किस्सा याद किया। उन्होंने बताया कि शो के दौरान फराह खान ने उनके व्यवहार पर टिप्पणी करते हुए उन्हें कंट्रोल फ्रीक कहा था। उस समय यह बात उनको बहुत बुरी लगी थी और वह अंदर से टूट गई थीं। कुनिका ने स्वीकार किया कि फराह की उस टिप्पणी के बाद वह रो पड़ी थीं और उन्हें काफी दुख हुआ था। कुनिका ने बताया, ''उस घटना के बाद मैंने अपने व्यवहार और रिश्तों पर गंभीरता से सोचना शुरू किया।

मुझे एहसास हुआ कि मैं अपनी पूरी जिंदगी में लोगों को इतना ज्यादा प्यार और ध्यान देती रही हूं कि कई बार सामने वाले को घुटन महसूस होने लगती थी। मैं रिश्तों में हर चीज को संभालने और कंट्रोल करने की कोशिश करती थी, चाहे वह दोस्ती हो, प्यार हो या परिवार का रिश्ता। जब मैंने यह आदत धीरे-धीरे कम की, तो मुझे खुद के भीतर एक सकारात्मक बदलाव महसूस हुआ।' कुनिका ने फराह से बातचीत के दौरान कहा, 'अब मुझे लगता है कि आपकी बात पूरी तरह गलत नहीं थी। मैंने अपने पुराने रिश्तों को याद किया, चाहे वह बॉयफ्रेंड्स हों या दूसरे करीबी लोग, और समझा कि कई बार ज्यादा केयर और ज्यादा प्यार भी रिश्तों को भारी बना देता है।

कुनिका की यह बात सुनकर फराह खान ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अब तो नया बॉयफ्रेंड बनाने का सही समय आ गया है। इसके बाद फराह ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा एक अहम अनुभव भी साझा किया, जिससे बातचीत और भी दिलचस्प हो गई। फराह खान ने बताया कि वह खुद भी पहले काफी कंट्रोलिंग हुआ करती थीं, खासकर घर के मामलों में। उन्होंने कहा, ''फिल्मों के सेट पर काम करते हुए हर चीज पर नजर रखना और हर किसी को निर्देश देना उनकी आदत बन चुकी थी। यही आदत धीरे-धीरे उनकी निजी जिंदगी में भी आ गई थी। लेकिन, समय के साथ मैंने महसूस किया कि हर चीज को कंट्रोल करना जरूरी नहीं होता। फराह ने कहा, ''अब मैं जानबूझकर घर पर चीजों को छोड़ना सीख रही हूं। मैं अपने परिवार को अपने फैसले खुद लेने देती हूं और उन्हें अपनी गलतियों से सीखने का मौका देती हूं।

### चर्चाओं ने बढ़ाया फैंस का उत्साह

# 'पठान 2' में होगी इस साउथ सुपरस्टार की एंट्री

● शाहरुख खान से करेगा टक्कर!



### 'वॉर 2' से स्पाई यूनिवर्स में हुई जूनियर एनटीआर की एंट्री

'वॉर 2' में जूनियर एनटीआर ने विक्रम का किरदार निभाया था। फिल्म के क्लाइमेक्स में दिखाया गया कि विक्रम ने कबीर (ऋतिक रोशन) के साथ मिलकर भारत को दुश्मनों से बचाने का बीड़ा उठाया था। जिससे वह इस स्पाई यूनिवर्स का एक अहम हिस्सा बन गए थे। अब ऐसी चर्चाएं हैं कि जूनियर एनटीआर विक्रम के किरदार में ही शाहरुख खान स्टारर 'पठान 2' में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि आदित्य चोपड़ा जूनियर एनटीआर से अभी बात कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने की उम्मीद है, जबकि इसे 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि, अभी तक मेकर्स की ओर से 'पठान 2' को लेकर कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं की गई है।

**यशराज** के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'पठान 2' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अब शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। जानिए कौन है वो साउथ सुपरस्टार जो बन सकता है शाहरुख की 'पठान 2' का हिस्सा... इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' धमाका मचाए हुए है।



इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म 'पठान 2' को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में 'पठान 2' के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है।

### 'पठान 2' का हिस्सा बनेंगे जूनियर एनटीआर

सैक्निल्क की रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।

### 'बिग बॉस 14' की कंटेस्टेंट की

# सिजलिंग अदाएं देख बॉयफ्रेंड हुआ बेकाबू!

'बिग बॉस 14' की एक बोल्ड और ग्लैमरस कंटेस्टेंट अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ और तस्वीरों को लेकर चर्चा में रहती हैं. इसी बीच उन्होंने कुछ ऐसी फोटोज शेयर की है, जिसमें उनका सिजलिंग अवतार देख उनके बॉयफ्रेंड भी खुद पर काबू नहीं रख पाए और कुछ ऐसा लिख दिया, जो अब वायरल हो रहा है. टीवी और साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस निक्की तंबोली अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से फैंस के दिलों का करार छीनती रहती हैं. वह कभी भी कैमरे के सामने अपना बोल्ड अंदाज दिखाने से हिचकिचाती नहीं हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने अब जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसे देखने के बाद तो उनके बॉयफ्रेंड भी खुद पर काबू नहीं रख पाए और कमेंट में कुछ ऐसा लिख दिया, जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रहा है. दरअसल, निक्की तंबोली ने अपने इंस्टाग्राम अपनी कुछ सिजलिंग फोटोज शेयर की है, जिसमें उनका एनर्जी भरा लुक देखने को मिल रहा है. इस पोस्ट में वह रेड ड्रेस वाले लुक में इंटरनेट पर आग लगाती दिखाई दे रही हैं. निक्की की अदाएं देख उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी खुद को कमेंट करने से रोक हीं पाए.

### सिजलिंग ड्रेस में दिखाया बोल्ड अवतार

लेटेस्ट फोटोशूट में निक्की तंबोली रेड ड्रेस में बेहद ग्लैमरस नजर आ रही हैं. इसमें वह काफी एनर्जेटिक और फायरी लग रही हैं, उनकी फेमिनिन एनर्जी हर किसी का दिल जीत रही है. ये तस्वीरें साबित कर रही हैं कि, वह ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन अपना जलवा बरकरार रखती हैं.

# माउंट माउंगानुई टेस्ट: दूसरे दिन के खेल से बाहर हुए केमार रोच

**एजेंसी**

**माउंट :** माउंगानुई न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच जारी टेस्ट सीरीज में तेज गेंदबाजों की चोटों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में वेस्टइंडीज के सीनियर तेज गेंदबाज केमार रोच माउंट माउंगानुई में खेले जा रहे टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार के खेल से बाहर हो गए। पहले दिन वेस्टइंडीज को केवल एक विकेट ही मिला था। इसी दौरान 89वें ओवर में गेंदबाजी करते हुए केमार रोच को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव महसूस हुआ और वह ओवर पूरा करने के बाद मैदान से बाहर चले गए। शुक्रवार सुबह वह टीम के



वॉर्म-अप सत्र में भी नजर नहीं आए। प्रसारण के दौरान यह पुष्टि की गई कि रोच दूसरे दिन के खेल के लिए उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह कब तक टीम में वापसी कर पाएंगे। इसके अलावा, शाई होप भी अस्वस्थ होने के कारण होटल में ही रुके। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज पहले ही 1-0 से पिछड़ रही है और पहली पारी में एक बड़े स्कोर की आशंका से जूझ रही है, क्योंकि डेवोन कॉनवे दोहरे शतक की ओर बढ़ चुके हैं। रोच की अनुपस्थिति में वेस्टइंडीज का तेज गेंदबाजी आक्रमण अब जेडन सील्स पर निर्भर है, जिन्होंने इस दौरे में अब तक पांच पारियों में केवल पांच विकेट लिए हैं। उनका साथ एंडरसन फिलिप और जस्टिन ग्रीव्स दे रहे हैं। टीम की परेशानियां यहीं खत्म नहीं हुईं। ओजे शील्ड्स और तेग नारायण चंद्रपॉल भी छोटी-मोटी चोटों से जूझ रहे हैं। दूसरे सत्र में जब जस्टिन ग्रीव्स मैदान से बाहर गए, तो स्थानीय खिलाड़ी सेबेस्टियन हीथ को वेस्टइंडीज के लिए सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान में उतरना पड़ा।

इस सीरीज में न्यूजीलैंड को भी चोटों का सामना करना पड़ा है। क्राइस्टचर्च टेस्ट में मैट हेनरी और नाथन स्मिथ चोटिल हो गए थे, जहां वेस्टइंडीज ने संघर्षपूर्ण ड्रॉ हासिल किया था। दूसरे टेस्ट में ब्लेयर टिकनर की भागीदारी भी सीमित रही। वहीं, पहले टेस्ट के पहले दिन हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझे टॉम ब्लंडेल अब उबरकर तीसरे टेस्ट में वापसी कर चुके हैं।

गौरतलब है कि वेस्टइंडीज ने 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अब तक खेले गए सात में से छह टेस्ट गंवाए हैं। यह न्यूजीलैंड का नए चक्र की पहली टेस्ट सीरीज है, जिसमें वह एक मैच ड्रॉ करा चुका है और एक में जीत दर्ज कर चुका है।

# बलरामपुर : प्रकृति की गोद में नए साल का जश्न, रामानुजगंज का पलटन घाट सैलानियों की पहली पसंद

एजेंसी



**बलरामपुर :** आधा दिसंबर बीत चुका है और नए साल के आगमन में अब महज बारह दिन शेष रह गए हैं। जैसे-जैसे जनवरी नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे पिकनिक और सैर-सपाटे की तैयारियां भी जोर पकड़ने लगी हैं। उत्तर छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले की सरहद पर बसा रामानुजगंज इस मौसम में खास तौर पर सैलानियों को आकर्षित करता है। यहां स्थित पलटन घाट हर साल एक जनवरी को छत्तीसगढ़ और झारखंड से आने वाले हजारों पर्यटकों के लिए नए साल के जश्न का प्रमुख केंद्र बन जाता है। रामानुजगंज स्थित पलटन घाट प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इलाका है। कन्हर नदी यहां कल-कल बहती हुई घाट को जीवंत बना देती है। नदी के दोनों किनारों पर फैली रंग-बिरंगी चट्टानें और चौड़ी रेतीली सतह सैलानियों को अपनी ओर खींच लेती हैं। यही वजह है कि हर साल नए साल के पहले दिन यहां लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। सुबह से ही परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ लोग पलटन घाट पहुंचने लगते हैं। कोई नदी किनारे बैठकर प्रकृति का आनंद लेता है, तो कोई रेतीली जमीन पर चूल्हा जलाकर पिकनिक का लुत्फ उठाता है। बच्चे रेत और पानी में खेलते नजर आते हैं, वहीं युवा वर्ग फोटो और वीडियो बनाकर इस पल को यादगार बनाता है। पलटन घाट की खास बात यह है कि यह पूरी तरह प्राकृतिक स्थल है, जहां शोर-शराबे से दूर लोग सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। झारखंड की सीमा से सटा होने के कारण पड़ोसी राज्य से भी बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, एक जनवरी को पलटन घाट किसी मेले से कम नहीं नजर आता। हालांकि, जितना सुंदर और आकर्षक यह स्थल दिखता है, उतना ही सतर्कता की भी जरूरत है। कन्हर नदी का जलस्तर कई जगह अचानक गहरा हो जाता है, जिसका अंदाजा बाहर से नहीं लग पाता। पूर्व में यहां नहाने के दौरान डूबने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इसके बावजूद हर साल लोग बिना पर्याप्त सावधानी के नदी में उतर जाते हैं, जो चिंता का विषय है। इस संबंध में स्थानीय समाजसेवी विकास दुबे बताते है कि, पलटन घाट हमारे इलाके की पहचान है। यहां की खूबसूरती लोगों को खींच लाती है, लेकिन नदी के कुछ हिस्से बहुत खतरनाक हैं। बाहर से पानी कम दिखता है, पर भीतर गहराई ज्यादा है। हम चाहते हैं कि लोग यहां आएं, आनंद लें, लेकिन नदी में उतरते समय पूरी सावधानी बरतें। स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों का भी मानना है कि यदि सैलानी सतर्क रहें और बच्चों पर विशेष नजर रखें, तो किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सकता है। घाट पर चेतावनी बोर्ड और स्थानीय लोगों द्वारा समय-समय पर समझाइश देने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। कुल मिलाकर, नए साल के स्वागत के लिए रामानुजगंज का पलटन घाट एक बेहतरीन और यादगार स्थल है। प्रकृति की गोद में बिताए गए ये पल लोगों के लिए साल की शानदार शुरूआत बन सकते हैं। बस जरूरत है तो इस खूबसूरती के साथ समझदारी और सावधानी बरतने की, ताकि नया साल खुशियों के साथ-साथ सुरक्षित भी रहे।

# एसआईआर : हटाए गए मतदाताओं के मुकाबले नए आवेदन बेहद कम

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सामने आए आंकड़ों ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 16 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आए आवेदनों की संख्या, पिछली सूची से हटाए गए मतदाताओं के मुकाबले बेहद कम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, पहले चरण में नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए कुल तीन लाख 24 हजार 800 आवेदन मिले हैं। इसके मुकाबले अक्टूबर 2025 की पिछली मतदाता सूची से 58 लाख 20 हजार 899 नाम हटाए गए हैं। यह अंतर काफी बड़ा माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि नए पंजीकरण के आवेदन उन 30 लाख 59 हजार 273 अनमैप्ड मतदाताओं की संख्या के सामने भी नगण्य हैं, जिनका 2002 की मतदाता सूची से कोई सीधा संबंध नहीं पाया गया है। वर्ष 2002 में ही राज्य में आखिरी बार इस तरह का विशेष गहन पुनरीक्षण हुआ था। इन मतदाताओं का नाम न तो स्व-मैपिंग से और न ही संतान-मैपिंग से जुड़ पाया है। नए पंजीकरण के लिए भरे गए फॉर्म-6 में 18 साल की उम्र पूरी कर चुके नए मतदाता शामिल हैं, साथ ही वे लोग भी हैं जिन्होंने अपना मतदाता क्षेत्र बदलने के लिए आवेदन किया है। हालांकि, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि फॉर्म-6 जमा करने के लिए अभी पर्याप्त समय बचा हुआ है। बताया गया है कि अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को जारी की जाएगी। इसी के साथ चार नवंबर से शुरू हुआ विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान समाप्त होगा। इसके बाद निर्वाचन आयोग राज्य में होने वाले अहम विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। इस बीच निर्वाचन आयोग ने साफ कर दिया है कि ड्राफ्ट सूची में नाम का होना, चाहे वह स्व-मैपिंग या संतान-मैपिंग के जरिए ही क्यों न दर्ज हुआ हो, अंतिम सूची में नाम बने रहने की गारंटी नहीं है। आयोग ने इस पुनरीक्षण के दौरान 1.60 करोड़ मतदाताओं के मामलों में परिवार से जुड़े अजीब और संदिग्ध आंकड़े पाए हैं। इन संदिग्ध मामलों में कई मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा और उनसे उनके पारिवारिक विवरण में पाई गई गड़बड़ियों पर जवाब मांगा जाएगा। इन मामलों में ऐसे मतदाता भी शामिल हैं जिनके पिता और माता का नाम एक ही दर्ज है, ऐसे लोग जो 15 साल या उससे कम उम्र में पिता बनते दिखाए गए हैं, और ऐसे मतदाता जो 40 साल या उससे कम उम्र में दादा बनते पाए गए हैं। एक मामला ऐसा भी सामने आया है, जिसमें किसी व्यक्ति को पांच साल की उम्र में दो बेटों का पिता बताया गया है।

# शीतकालीन सत्र में होगी राष्ट्रगीत वंदेमातरम पर चर्चा



एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधान मण्डल का शीतकालीन सत्र आज से शीतकालीन सत्र आज से प्रारम्भ हो रहा है। शीतकालीन सत्र 24 दिसम्बर तक चलेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को कहा कि शीतकालीन सत्र में सदस्यों को सदन में अपने मुद्दों को उठाने उत्तर प्रदेश की ?जनता के हित में व विकास की दृष्टि से विधायी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए यह सत्र महत्वपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण चर्चा और वंदेमातरम के रचयिता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक अवसर उत्तर प्रदेश विधान मण्डल के सामने होगा। उत्तर प्रदेश स्थापना का दिवस और वंदेमातरम को भारत के संविधान के अनुसार मान्यता प्राप्त होने का नोटिफिकेशन एक ही तिथि है। इसकी चर्चा यहां सत्र में होगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार प्रत्येक मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सरकार विकास के मुद्दे पर सकरात्मक चर्चा के लिए तैयार है। कफ सीरफ मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही प्रारम्भ की है। अब तक काफी बड़े पैमाने पर अवैध तस्करी के प्रकरण को पकड़ा गया है। व्यापक गिरफतारी हुई है। हर माफिया के संबंध सपा से रहे हैं। इस मुद्दे पर जवाब दिया जायेगा। उनके संबंध सपा से जुड़े सामने आये हैं। सपा अपने कार्य के अनुरूप बदनाम हो चुकी है। इस पूरे मामले में उसकी संलिप्ता आयेगी। एसआईटी इसकी जांच कर रही है। सपा प्रमुख की फोटो उन माफियाओं के साथ है तो स्वाभाविक रूप से अवैध लेनदेन में इनकी संलिप्ता सामने आयेगी।

# कांगड़ा के साथ कांग्रेस सरकार के भेदभाव की मानव विकास रिपोर्ट ने खोली पोल : त्रिलोक

एजेंसी



**धर्मशाला :** भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने हाल ही में जारी 'हिमाचल प्रदेश मानव विकास रिपोर्ट 2025' के आंकड़ों के आधार पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कांगड़ा जिले के साथ घोर उपेक्षा, राजनीतिक भेदभाव और आर्थिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। हिमाचल प्रदेश मानव विकास रिपोर्ट 2025 ₹एक जलवायु-प्रभावित दुनिया में भविष्य का निर्माण₹ विषय पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते 27 अक्टूबर को शिमला में जारी की है। इस रिपोर्ट को बनाने में हिमाचल प्रदेश सरकार के पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग रहा है। शुक्रवार को जारी एक प्रेस बयान में त्रिलोक कपूर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा जारी रिपोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के शासनकाल में कांगड़ा विकास की दौड़ में पिछड़कर प्रदेश के सभी 12 जिलों में सबसे निचले पायदान यानी 12वें स्थान यानी 0.695 रैंक पर पहुंच गया है। जबकि सोलन (0.880) और लाहौल-स्पीति जैसे जिले विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को जानबूझकर पिछड़ा बनाए रखा जा रहा है।

विंटर कार्निवाल विकास का नही बल्कि कांगड़ा की बदहाली का जश्न त्रिलोक कपूर ने धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे 'कांगड़ा विंटर कार्निवल 2025' पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा, ₹एक तरफ सरकारी रिपोर्ट कह रही कि कांगड़ा आर्थिक और मानव विकास के मानकों पर सबसे कमजोर जिला है, दूसरी तरफ सरकार जश्न मनाकर जनता की आंखों में धूल झोंक रही है।

# मुख्यमंत्री साय आज जशपुर जिला के दौरे पर



**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शुक्रवार को जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सलियाटोली का दौरा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 11:30 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर से जशपुर के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12:45 बजे हेलीपेड सलियाटोली पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री 12:50 बजे ग्राम सलियाटोली आगमन करेंगे। इसके पश्चात 2:50 बजे गांव से प्रस्थान कर 2:55 बजे हेलीपेड सलियाटोली पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर से रायपुर के लिए रवाना होंगे। शाम 4:10 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपेड रायपुर आगमन के बाद मुख्यमंत्री 4:15 बजे मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइन पहुंचेंगे, जहां उनका कार्यक्रम आरक्षित रहेगा।

## कोलकाता में क्रिसमस महोत्सव का आगाज

# ममता बनर्जी ने दिया शांति और इंसानियत का संदेश

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार रात को शहर के एलन पार्क में कोलकाता क्रिसमस महोत्सव के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से साथ रहने, इंसानियत बनाए रखने और खुशहाल समाज के निर्माण का आह्वान किया। मुख्यमंत्री का संदेश सिर्फ बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए था। उत्सव के रंग-बिरंगे माहौल और रोशनी के बीच बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि सभी लोग खुश रहें और परिवार के साथ प्रेम और सौहार्द के साथ जीवन बिताएं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी खुले आसमान और खुले वातावरण में पूरे प्यार के साथ आगे बढ़े, यही उनकी कामना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में क्रिसमस को लेकर उत्साह का माहौल है और सभी जिलों को खूबसूरती से सजाया गया है। उन्होंने कहा कि इस खुशी के माहौल को देखकर उन्हें बेहद प्रसन्नता हो रही है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग बंगाल को बदनाम करने की कोशिश करते रहते हैं। उन्होंने साफ कहा कि बंगाल की असली ताकत आपसी सौहार्द और मिलजुलकर उत्सव मनाने की परंपरा में है। बंगाल की सांस्कृतिक परंपरा का जिक्र करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि यहां मेले से लेकर खेल तक हर उत्सव को लोग मिलकर मनाते हैं। त्योहार लोगों को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि तनाव और भागदौड़ से भरे जीवन में ऐसे आयोजन लोगों को सुकून और खुशी देते हैं और उनकी सरकार चाहती है कि लोग खुशहाल जीवन जिएं। कोलकाता क्रिसमस महोत्सव हर साल बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करता है। पार्क स्ट्रीट और आसपास के इलाकों में लाखों लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। मुख्य महोत्सव 30 दिसंबर तक चलेगा, जबकि सजावट और खानपान के स्टॉल पांच जनवरी 2026 तक बने रहेंगे।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.60 प्रतिशत और निफ्टी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से मैक्स हेल्थकेयर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, जिओ फाइनेंशियल, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल के शेयर 2 प्रतिशत से लेकर 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, श्रीराम फाइनेंस, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, शिपिंग कारपोरेशन और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.25 प्रतिशत से लेकर 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,149 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,609 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 540 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 45 शेयर हरे निशान में और 5 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 274.98 अंक की मजबूती के साथ 84,756.79 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक उछल कर 85,014.83 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में मामूली गिरावट भी आई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 502.79 अंक की बढ़त के साथ 84,984.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 95.95 अंक उछल कर 25,911.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद लिवाली शुरू हो जाने की वजह से पहले आधे घंटे में ही ये सूचकांक मजबूती दिखाते हुए 25,970.40 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट दर्ज की गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 142 अंक की तेजी के साथ 25,957.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 77.84 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 84,481.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने सिर्फ 3 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 25,815.55 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कोडिन कफ सिरप प्रकरण विरोध में सपा विधायक पोस्टर लेकर पहुंचे विधानसभा

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधान मंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले शुक्रवार पूर्वाह्न समाजवादी पार्टी के विधायक कोडिन कफ सिरप प्रकरण में सरकार का विरोध करते नजर आए। सपा के विधायक सरकार के विरोध में कोई पोस्टर लेकर तो कोई साइकिल से पहुंचे। प्रतिबंधित कोडिन कफ सिरप की तस्करी के मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक मुकेश वर्मा के बाद विधायक बृजेश यादव भी कोडिंग तस्करी के आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पोस्टर पहन कर पहुंचे। वाराणसी से सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा साइकिल पर कफ सिरप की शीशी के कट आउट को लेकर विधानसभा पहुंचे। आशुतोष सिंह का आरोप है कि इसमें बड़े लोग शामिल हैं। पहले कालीन भैया सुनते थे अब कोडिन भैया आ गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है। बुलडोजर दिखाई नहीं पड़ रहा।

### फर्जी रेलवे भर्ती घोटाले में संलिप्तता के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**श्रीनगर :** कश्मीर अपराध शाखा (सीबीके) की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने फर्जी रेलवे भर्ती घोटाले में संलिप्तता के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एफआईआर संख्या 08/2025 के तहत आरोपपत्र भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420, 468, 471 और 120-बी के अंतर्गत प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट बीरवाह, बडगाम की अदालत में प्रस्तुत किया गया है। आरोपियों की पहचान अब्दुल हामिद शेख, पुत्र गुलाम मोहिउद्दीन शेख निवासी चेवदारा बीरवाह; आदिल शाह पुत्र अब्दुल राशिद शाह निवासी सोनवार, श्रीनगर मौजूदा समय में जेवान और मुफ्ती गुलाम हसन पुत्र मोहम्मद अशूर, निवासी हिब-डांगरपोरा, सोपोर मौजूदा समय में रुत्सुना बीरवाह, बडगाम के रूप में हुई है। यह मामला मुफ्ती गुलाम हसन कुमार की लिखित शिकायत के बाद सामने आया जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि अब्दुल हामिद शेख और आदिल शाह ने उन्हें नई दिल्ली रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा जारी किए गए फर्जी नियुक्ति पत्र मुहैया कराए थे। अधिकारियों ने बताया कि इन पत्रों में नई दिल्ली के पहाड़गंज स्थित उत्तरी रेलवे के डीजीएम की जाली मुहरें और हस्ताक्षर थे। शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू कश्मीर ने विस्तृत जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपियों ने सरकारी नौकरी दिलाने का लालच देकर मोटी रकम की ठगी की थी। सत्यापन से पुष्टि हुई कि नियुक्ति पत्र जाली थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि शिकायतकर्ता मुफ्ती गुलाम हसन कुमार भी इस घोटाले में सक्रिय रूप से शामिल था। सबूतों से पता चला कि उसने अन्य पीड़ितों से रोजगार दिलाने के बहाने पैसे लिए थे और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर फर्जी नौकरी के आदेश जारी किए थे। जांच के आधार पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत अंतिम रिपोर्ट न्यायिक कार्यवाही के लिए अदालत में पेश की गई है। ईओडब्ल्यू कश्मीर ने आर्थिक अपराधों से निपटने और नागरिकों को धोखाधड़ी वाली भर्ती योजनाओं से बचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### जिले के 40 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं करेंगे अंतरिक्ष विज्ञान की पढ़ाई

**महोबा :** उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को अब अंतरिक्ष विज्ञान की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जिले भर के 40 विद्यालयों को चुना गया है। जिनमें स्पेस लैब तैयार कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने समीक्षा कर 15 दिनों के अंदर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के द्वारा परिषदीय स्कूली छात्र छात्राओं के हित को लेकर बड़ा प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर जिले के कबरई ब्लॉक के 17 , चरखारी के 12 जैतपुर के 3 व पनवाड़ी के 8। स्कूलों को चिन्हित किया गया है। जहां खनिज न्यास से इन स्कूलों में एक-एक कक्ष को स्पेस साइंस एंड इनोवेशनल लैब ( अंतरिक्ष प्रयोगशाला ) के रूप में तैयार कराया जाएगा। इन सबको भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) से जोड़कर स्थापित किया जाएगा। जिसको लेकर डीएम गजल भारद्वाज के द्वारा सभी चिन्हित स्कूलों के प्रधानाचार्यों व संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर 15 दिनों के अंदर तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।जिससे छात्र छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी मिल जाएगी।

### सोमवती अमावस्या मेले के लिए आज से चित्रकूट को चलेंगी 20 रोडवेज बसें

**महोबा :** उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद से चित्रकूट धाम में पौष सोमवती अमावस्या मेला पर यात्रियों की सहूलियत के लिए डिपो ने 20 बसों का बेड़ा लगाया गया है। जिससे श्रद्धालुओं को सुगम यातायात उपलब्ध होगा। मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ताकि पर्व के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। वहीं रेलवे ने तीन दिन के लिए मेला स्पेशल दो ट्रेनों का संचालन गुरुवार से शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के महोबा डिपो के बेड़े में कुल 137 बसें शामिल हैं। जिनमें निगम की 122 और 15 अनुबंधित बसें हैं। जो हमीरपुर, बांदा, जालौन, राठ, कानपुर, लखनऊ, बरेली, बलिया, प्रयागराज, दिल्ली आदि रूटों पर प्रतिदिन फरार्टा भरती हैं। शुक्रवार को डिपो प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि आज से पौष माह की सोमवती अमावस्या पर चित्रकूट के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 20 बसों की व्यवस्था की गई है। बसों को रूट पर दौड़ाने से पहले वर्कशॉप में जांच कर निकाले जाने को कहा निर्देश दिए गए हैं। सोमवती अमावस्या होने के कारण चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। वहीं रेलवे ने भी चित्रकूट के धार्मिक मेले को लेकर तैयारी कर ली है। झांसी मंडल के जन संपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि चित्रकूट मेले को लेकर दो स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया है। यह ट्रेनें 20 दिसंबर तक चलेंगी। यात्रियों की संख्या को देखते हुए झांसी-बांदा मेमू को चित्रकूट तक विस्तारित किया जाएगा

### मध्य प्रदेश में शीतलहर और कोहरे का डबल अटैक, आज 13 जिलों में अलर्ट, पारा 5 डिग्री से नीचे

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के मालवा-निमाड़ क्षेत्र में सर्दी ने रिकॉर्ड तोड़ तेवर दिखाए हैं, जहां कई जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। वहीं ग्वालियर-चंबल, रीवा और सागर संभाग में घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। सुबह के समय हालात ऐसे रहे कि एक किलोमीटर के बाद दृश्यता बेहद कम हो गई। मौसम विभाग ने आज शुक्रवार को प्रदेश के 13 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। कोहरे का सबसे ज्यादा असर परिवहन सेवाओं पर देखने को मिला। दिल्ली से इंदौर और भोपाल आने वाली कई ट्रेनें 30 मिनट से लेकर 5 घंटे तक देरी से चलीं। हवाई सेवाएं भी कोहरे की चपेट में रहीं। भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई, गोवा और बेंगलुरु जाने वाली उड़ानों में देरी दर्ज की गई। गुरुवार को कई फ्लाइट्स 20 मिनट से एक घंटे तक लेट रहीं। मौसम विभाग ने ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में घने कोहरे की चेतावनी दी है।

न्यूज IN ब्रीफ

## रोलिंग स्टोन एकेडमी की वार्षिकोत्सव 21 को



चक्रधरपुर के रिटायर्ड कॉलोनी स्थित रोलिंग स्टोन एकेडमी की वार्षिकोत्सव 21 को नगरपालिका विवाह भवन में आयोजित की गई है जिसके लिए तैयारी जोर शोर से जारी है वहीं नृत्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता 7 12 एवं 14 को संपन्न कर दी गई जिसमें चक्रधरपुर चाईबासा से काफी बच्चों में दिलचस्पी दिखाई।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई काउंसलिंग सेशन



**कोडरमा :** झुमरी तिलैया स्तिथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्रों के लिए ₹10वीं और 12वीं के बाद क्या करें₹ और ₹एनडीए, सीडीएस और एसएसबी₹ विषय पर एक काउंसलिंग सेशन आयोजित किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के तौर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा शामिल हुए और छात्रों को जानकारी प्रदान की। सेशन में विद्यार्थियों को 10वीं और 12वीं के बाद के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें विभिन्न कोर्सेज, कॉलेज और करियर के अवसर शामिल थे। इसके अलावा विद्यालय के शिक्षक अमित कुमार के द्वारा छात्रों को एनडीए, सीडीएस और एसएसबी के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें इन परीक्षाओं की तैयारी और चयन प्रक्रिया शामिल थी। इस अवसर पर प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। सेशन में विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और प्रिंसिपल ने उनका जवाब दिया। विद्यार्थियों ने इस सेशन का बहुत आनंद लिया और इसे बहुत उपयोगी पाया। वहीं विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा ने बताया की इस सेशन का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने भविष्य के बारे में सही निर्णय लेने में मदद करना था। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने इस सेशन से बहुत कुछ सीखा और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित हुए।

## बीआर. इंटरनेशनल स्कूल में प्रेरणादायक जीवन. मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा :** बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल, चराडीह में इस्कॉन हजारीबाग टीम के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक एवं जीवन-मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में केशवानंद प्रभु जी उपस्थित रहे। वे इस्कॉन के समर्पित भक्त हैं तथा उन्होंने बी.जे. मेडिकल कॉलेज, पुणे से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। कार्यक्रम में केशवानंद प्रभु जी की सहायता वीरभद्र प्रभु जी (प्रबंधक, इस्कॉन हजारीबाग), मुकेश प्रभु जी (भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त) तथा नीतिश प्रभु जी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश राय द्वारा अतिथियों का तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत करने के साथ हुई। अपने प्रेरणादायक संबोधन में डॉ. केशवानंद प्रभु जी ने विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण, साहस, भक्ति, स्वस्थ जीवन.शैली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने जल्दी सोने और जल्दी उठने के वैज्ञानिक कारणों को समझाते हुए प्रातःकालीन अध्ययन की उपयोगिता बताई। साथ ही उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के चरणकमलों में भक्ति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भक्ति जीवन को सही दिशा, शांति और उद्देश्य प्रदान करती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने वक्ताओं से संवाद किया और जीवन से जुड़े अनेक उपयोगी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। विद्यालय परिवार ने इस प्रेरक कार्यक्रम के लिए इस्कॉन हजारीबाग टीम का आभार व्यक्त किया।

## विश्वविद्यालय ने किया विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम घोषित

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार एम.ए. इन ट्राइबल कल्चर स्टडीज के अंतर्गत सत्र 2024झ26 के सेमेस्टरझ1 परीक्षा 2024, सत्र 2023झ25 के सेमेस्टरझ3 परीक्षा 2024, एल.एल.बी. सत्र 2019झ22 के सेमेस्टरझ6 परीक्षा 2022 तथा सेमेस्टरझ4 (बैकलॉग) परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। घोषित परिणामों में एम.ए. इन ट्राइबल कल्चर स्टडीज सेमेस्टरझ1 परीक्षा 2024 में 89.47 प्रतिशत, सेमेस्टरझ3 परीक्षा 2024 में 96 प्रतिशत, एल.एल.बी. सेमेस्टरझ6 परीक्षा 2022 में 91.2 प्रतिशत तथा सेमेस्टरझ4 (बैकलॉग) परीक्षा 2022 में 83.4 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

## शिक्षक शांति प्रसाद मिश्र के निधन से शिक्षा जगत में शोक

**बासुकीनाथ :** राजकीयकृत उच्च विद्यालय जरमुंडी के संस्थापक और अंग्रेजी के प्रख्यात शिक्षक शांति प्रसाद मिश्र के निधन से शिक्षा जगत में शोक व्याप्त है। वर्ष 1961-64 में उनके विद्यार्थी रहे दौलतपुर निवासी एवं दुमका के शास्त्रीय स्मारक मध्य विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक हरेंद्र प्रसाद यादव ने अपने गुरु के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया है। उन्होंने बताया कि शांति बाबू सभी विद्यार्थियों के आदर्श शिक्षक थे। वह हमेशा हंस बोलकर ही विद्यार्थियों को पढ़ाया करते थे।

# उपायुक्त ने सुरक्षित हवाई यातायात को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाने का दिया निर्देश

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को हवाई अड्डा के सम्मेलन कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन समिति एवं हवाई अड्डा समिति (अी१ङ्क१िङ्की उङ्के३३ी टीी३ल्लॅ) की बैठक में उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता हम सभी को है। साथ ही सुरक्षित हवाई यातायात के लिए आवश्यक है कि जिला प्रशासन, एयरपोर्ट ऑथोरिटी एवं सिक्युरिटी टीम आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था को लेकर कार्य करें। आगे बैठक के दौरान एयरपोर्ट के विकास और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए डीजीसीए के प्वाइंट ऑफ व्यू से एनटी आईजीक मॉकड्रील आदि को लेकर किये जाने वाले कार्यों हेतु संबंधित विभाग के साथ एयरपोर्ट के अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया। आगे बैठक के दौरान हवाई अड्डे के आस-पास पक्षियों, कुत्तों को आकर्षित करने वाले कसाईखानों, मीट की दुकानों पर नियंत्रण, एयरपोर्ट परिधि के आसपास मीट-मटन के अवशेषों को फेंकने पर नियंत्रण पेड़ों की छंटाई, अतिक्रमण, बिना अनुमति के निर्माण कार्य एवं नियमित सफाई जैसे मुद्दों पर उपायुक्त ने नगर निगम, मोहनपुर व देवघर के अंचलाधिकारी, संबंधित थाना को आपसी समन्वय के साथ पेट्रोलिंग व ऐसा करने वालों को चिन्हित कर नोटिस करने का निर्देश दिया। वहीं एयरपोर्ट परिधि के बाहर बाउंड्रीवॉल व खाली जगहों पर ग्रामीणों द्वारा मरे हुए जानवरों के फेंके जाने वाले अवशेषों के आवश्यक निष्पादन के अलावा



ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निदेश संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त ने दिया, ताकि आवश्यक मानकों को पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जा सके। आगे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को ये समझाने की आवश्यकता है कि मृत जानवरों व मांस-मछली के अवशेषों को खुले में फेंकने के कारण हमेशा उसे खाने के लिए पक्षी मंडराते रहते हैं और उन्हीं पक्षियों के कारण विमान आने से बर्ड हिट की आशंका बनी रहती है। साथ ही इस वजह से विमान व विमान में बैठे यात्रियों के लिए खतरा बना रहता है और कोई अप्रिय घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में आवश्यक है कि लोगों को जागरूक किया जाय, ताकि एयरपोर्ट परिसर के बाउंड्रीवॉल समीप मृत जानवरों व मांस-मछली के अवशेषों को न फेंका जाय।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने सिक्युरिटी, सेफ्टी व यात्रियों की सुरक्षा को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही देवघर व मोहनपुर के अंचलाधिकारी, एयरपोर्ट के अधिकारियों व थानों को आपसी समन्वय के साथ एयरपोर्ट क्षेत्र के साथ-साथ अवैध निर्माण, बिना अनुमति के निर्माण कार्य एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से समय-समय पर मॉनिटरिंग करने का निदेश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने देवघर एयरपोर्ट में विभिन्न सुरक्षा बिन्दुओं एवं मॉकड्रील से जुड़े बिन्दुओं को लेकर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों व एयरपोर्ट ऑथोरिटी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, हवाई अड्डा निदेशक, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, ट्रैफिक डीएसपी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवघर, अंचलाधिकारी देवघर, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मोहनपुर, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं एरपोर्ट ऑथोरिटी के अधिकारी, सदस्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# खाद्य व्यवस्था को जांचने कोडरमा पहुंचीं राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष

## विद्यालय, आंगनबाड़ी से लेकर पीडीएस और कुपोषण उपचार केंद्रों का किया निरीक्षण



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने गुरुवार को कोडरमा जिले में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण से जुड़ी योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पीडीएस दुकानों तथा सदर अस्पताल स्थित कुपोषण उपचार केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में अधिकांश विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में भोजन गैस पर बनता पाया गया तथा बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं अंडा दिए जाने की पुष्टि हुई। जहां मेन्यू अंकित नहीं था, वहां तत्काल दीवार लेखन कराने का निर्देश दिया गया। पीडीएस दुकानों के निरीक्षण में लाभुकों ने पूरा राशन मिलने की बात कही, हालांकि कुछ दुकानों में स्टॉक विवरण अंकित नहीं पाए जाने पर सख्त निर्देश दिए गए। सदर अस्पताल के कुपोषण उपचार केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, उपचार व्यवस्था एवं स्वच्छता पर संतोष व्यक्त किया गया, जबकि कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर मिली शिकायतों पर सिविल सर्जन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके बाद परिसदन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में लंबित शिकायतों के त्वरित निष्पादन, योग्य लाभुकों को राशन कार्ड से जोड़ने तथा प्रत्येक पंचायत में आकस्मिक खाद्यान्न कोष की राशि सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी पूनम कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, प्रभारी जिला शिक्षा अधीक्षक, विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बागनल ग्राम में स्ट्रॉबेरी की खेती की औपचारिक शुरूआत

संवाददाता

**दुमका :** सदर प्रखंड के बागनल ग्राम में कृषि एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान के कर-कमलों द्वारा, उद्यान विभाग तथा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (खरछ्ढर) के संयुक्त प्रयास से स्ट्रॉबेरी की खेती की औपचारिक शुरूआत की गई। इस अवसर पर सुंदरी दीदी के खेत में पौधारोपण कर स्ट्रॉबेरी उत्पादन का शुभारंभ किया गया।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत एवं लाभकारी नकदी फसलों को प्रोत्साहित करना, किसानों की आय में वृद्धि करना तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीक, फसल प्रबंधन एवं बाजार से जुड़ाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे नवाचार आधारित खेती अपनाकर स्थायी आजीविका अर्जित कर सकें। इस अवसर पर उपायुक्त श्री सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त श्री सचान ने उपस्थित ग्रामीणों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्ट्रॉबेरी जैसी उच्च मूल्य वाली फसल से कम समय में बेहतर आमदनी संभव है। उन्होंने खरछ्ढर द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें जिले में कृषि विविधीकरण, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने भविष्य में इस मॉडल को अन्य किसानों एवं ग्रामों तक विस्तारित किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में खरछ्ढर के कर्मी, स्थानीय ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा इसे क्षेत्र में आजीविका संवर्धन की दिशा में एक नई और प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### कोडरमा में अनीमिया मुक्त झारखण्ड सप्ताह का भव्य शुभारंभ

# 667 सरकारी विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिले में स्कूली बच्चों के समग्र स्वास्थ्य को लेकर व्यापक अभियान की शुरूआत की गई है। 17 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक जिले के सभी 667 सरकारी विद्यालयों में विशेष स्वास्थ्य जांच एवं अनीमिया मुक्त झारखण्ड सप्ताह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन उपायुक्त ऋतुराज एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में बच्चों की अनीमिया जांच, हीमोग्लोबिन स्तर, वजन, लंबाई तथा सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। प्रारंभिक दो दिनों में ही 178 विद्यालयों में लगभग 13,436 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जिले के शत.प्रतिशत बच्चों को स्वास्थ्य जांच से आच्छादित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी आरबीएसके टीमों, सीएचओ एवं आयुष सीएचओ को विस्तृत कार्य योजना बनाकर अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रधानाध्यापकों को बच्चों की पूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालय स्तर पर सघन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। प्रतिदिन जांच का विवरण संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, डीपीएम महेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अग्निवीर को जानकी यादव ने किया सम्मानित



**हजारीबाग :** चलकुशा प्रखंड के ग्राम चन्दनगुंडों के लिए यह अत्यंत गर्व और गौरव का क्षण है। गांव निवासी महेंद्र यादव के सुपुत्र एवं अर्जुन यादव के भतीजे अभिषेक कुमार यादव का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में हुआ है। अभिषेक की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव चन्दनगुंडों पहुंचे और अभिषेक कुमार यादव को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री यादव ने कहा कि अभिषेक जैसे युवाओं से ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और यह चयन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है. कार्यक्रम के दौरान चलकुशा प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने अभिषेक को फूल.मालाओं से स्वागत करते हुए देश सेवा के इस पावन मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# उपायुक्त ने किया विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र व पार्क का निरीक्षण

संवाददाता

**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने गुरुवार को राजकीय मध्य विद्यालय बागनल, आंगनबाड़ी केंद्र नर्सरी स्कूल बागनलझ1 तथा सिदोझकान्हू शौर्य स्मारक पार्क, बन्दरजोरी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध शैक्षणिक, पोषण एवं आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

राजकीय मध्य विद्यालय बागनल के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में पठनझपाठन की व्यवस्था, नामांकन एवं बच्चों की उपस्थिति से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया, उनसे विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे तथा उनके शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। उपायुक्त ने मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) योजना का भी निरीक्षण किया एवं बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एमडीएम उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने बच्चों से यह भी जानकारी ली कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित प्राचार्य से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।इसके पश्चात उपायुक्त श्री सिन्हा ने आंगनबाड़ी केंद्र नर्सरी स्कूल बागनलझ1 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण तथा केंद्र संचालन की स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त श्री सिन्हा ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुले तथा बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाए गए आंगनबाड़ी कर्मियों को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त श्री सिन्हा ने सिदोझकान्हू शौर्य स्मारक पार्क, बन्दरजोरी का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क की साफझसफाई, सौंदर्यीकरण एवं रखझरखाव को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशाझनिर्देश दिए। इस दौरान उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान उपस्थित थे।

